उज्जैन
बुधवार
09
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-306
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ 300किग्रा नाइट्रेट मिक्सर के बॉक्स गायब 375 मीटर डेटोनेटिंग फ्यूज भी ले गए

7 ▸ भारतीय हॉकी टीम नीली जर्सी में ही एशियन गेम्स खेलेगी

# जीतू पटवारी का दावा—सागर में 50 से अधिक मौतें, सरकार आंकड़े छिपा रही

## शासन-प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप, वास्तविक आंकड़े सामने लाने की मांग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सागर में हुई मौतों को लेकर शासन-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पटवारी ने दावा किया कि अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि शासन-प्रशासन द्वारा वास्तविक आंकड़े सामने नहीं लाए जा रहे हैं।

पटवारी ने कहा कि सरकार को मौतों की वास्तविक संख्या सार्वजनिक करनी चाहिए और पूरे मामले में पारदर्शिता बरतनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन आंकड़ों को छिपाने का प्रयास कर रहा है, जिससे घटना की वास्तविक गंभीरता सामने नहीं आ पा रही है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में मौतों का दावा सामने आने के बाद सरकार को तत्काल मामले की विस्तृत जांच करानी चाहिए। मृतकों की वास्तविक संख्या, मौत के कारण और प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए।

पटवारी के इस बयान के बाद सागर में मौतों के आधिकारिक आंकड़ों को लेकर राजनीतिक बहस तेज होने की संभावना है। अब निगाहें शासन-प्रशासन के आधिकारिक पक्ष पर हैं कि वह इन दावों पर क्या स्पष्टीकरण देता है। हालांकि 50 से अधिक मौतों का आंकड़ा जीतू पटवारी के दावे के रूप में सामने आया है; इसकी स्वतंत्र एवं आधिकारिक पुष्टि आवश्यक है।






### सरकारी लापरवाही से छला गया छापरी!

**जहरीली शराब से प्रभावित परिवारों से मिले जीतू पटवारी, सरकार पर साधा निशाना**

सागर जिले के बंडा विधानसभा क्षेत्र के छापरी गांव में जहरीली शराब की घटना से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने परिवारों की पीड़ा पर दुख व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। पटवारी ने कहा कि सरकारी लापरवाही से छापरी छला गया। उन्होंने कहा कि जहरीली शराब के कारण जिन परिवारों ने अपने अपनों को खोया है, उनके बीच पहुंचकर स्थिति देखकर मन असहनीय पीड़ा और गहरे दुख से भर गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवारों का दर्द केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है, बल्कि यह सरकार की उस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है, जो समय रहते जहरीली शराब के नेटवर्क को रोकने में नाकाम रही। पटवारी ने कहा कि इस पूरे मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए और पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक प्रभावित परिवारों को न्याय नहीं मिलता, कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि जहरीली शराब के नेटवर्क की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के साथ-साथ यदि किसी स्तर पर प्रशासनिक लापरवाही सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों पर भी कार्रवाई की जाए। पटवारी के आरोपों पर अब शासन-प्रशासन के आधिकारिक जवाब का इंतजार है।

# अमेरिका का 5 ईरानी टैंकरों पर हमला

### जवाब में ईरान ने जॉर्डन में वर बेस पर 20 मिसाइलें दागीं, होर्मुज में 10 जहाजों पर हमले का दावा




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान**

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। अमेरिकी सेना ने मंगलवार को ईरान से जुड़े 5 तेल टैंकरों पर हमला किया। इसके कुछ घंटे बाद ईरान ने जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने की ओर 20 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

जॉर्डन की सेना ने दावा किया कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने 18 मिसाइलों को मार गिराया, जबकि दो मिसाइलें आबादी से दूर इलाकों में गिरीं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि ईरान ने पिछले दो दिनों में अमेरिकी नौसेना के एक युद्धपोत को दो बार बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाने की कोशिश की थी। इसके जवाब में अमेरिकी सेना ने ईरान के रेवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स से जुड़े तेल टैंकरों पर हमला किया। अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में 10 जहाजों पर हमले करने का दावा किया है। इनमें 2 अमेरिकी जहाज और 8 तेल टैंकर शामिल हैं। ईरान ने कहा कि ये जहाज प्रतिबंधित इलाके से गुजर रहे थे।



## हरियाणवी एक्ट्रेस की बिग बॉस में धमाकेदार एंट्री

### सलमान खान ने देसी छोरी कहकर इंट्रोड्यूस कराया, बोले- अब असली ड्रैगन मोड देखने को मिलेगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

हरियाणा के पानीपत से निकलकर मनोरंजन की दुनिया में अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस कनिका मान अब रियलिटी शो बिग बॉस 20 के घर में पहुंच गई हैं। ग्रैंड प्रीमियर में सलमान खान ने उनका स्वागत किया। कनिका ने शरारत गाने पर धमाकेदार परफॉर्मेंस के साथ शो की पहली कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री ली। इस परफॉर्मेंस के बाद सलमान खान ने उनकी जमकर तारीफ की। उन्होंने कनिका को हरियाणा की छोरी के तौर पर दर्शकों से मिलवाया। इसके बाद मजाकिया अंदाज में कहा कि कनिका अब बिग बॉस की मेहमान बन गई हैं, अब असली ड्रैगन मोड देखने को मिलेगा। सलमान ने यह भी बताया कि उनकी मां भी कनिका की बहुत बड़ी फैन हैं। एक पुराने किरदार को लेकर की गई टिप्पणी का जिक्र भी किया। कनिका मान का जन्म पानीपत में हुआ है। उन्होंने चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की। शुरूआत में मनोरंजन की दुनिया में जाना उनके लिए आसान फैसला नहीं था।

## देश

- राजस्थान की पैरोल के बावजूद आसाराम को गुजरात हाई कोर्ट से राहत नहीं, अस्थायी जमानत खारिज
- बिहार के मुजफ्फरपुर में एक कंटेनर से एक हजार किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार
- राजपाल यादव को सुप्रीम कोर्ट से राहत, पांच करोड़ जमा करने पर सरेंडर से मिली छूट
- दिल्ली पीजी हादसे में चौथी गिरफ्तारी,यूपी से लेबर कॉन्ट्रैक्टर पकड़ाया, सत्य निकेतन में खतरनाक बिल्डिंग को गिराना शुरू, यहां गर्ल्स हॉस्टल था
- मुंबई में मोदी के कार्यक्रम से पहले 2 संदिग्ध पकड़े, एक ने खुद को पीएमओ अफसर बताया, साथ में हथियारबंद गार्ड था, फर्जी आईडी मिली
- ब्रिक्स समिट की तैयारियां तेज, कई जगह पोस्टर-पेंटिंग्स से सजावट, कोर्ट-सरकारी ऑफिस 3 दिन बंद
- मणिपुरी संगीतकार को पीट-पीटकर मारने वाले 7 आरोपी पकड़े गए, इनमें एक नाबालिग, परिवार बोला- बदला नहीं, न्याय चाहिए, इंफाल में कैंडिल मार्च निकाला गया


## विदेश

- कनाडा में एमी विर्क के काफिले पर हमला, कार्यक्रम से लौट रहे थे, हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई
- ब्रिटेन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में खराबी, 1000 उड़ानें रद्द, ब्रिटिश एयरवेज और ईजीजेट समेत 5 से ज्यादा एयरलाइंस पर असर
- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ब्रिक्स समिट के लिए भारत आएंगे, 11 सितंबर को पीएम मोदी के साथ मीटिंग, 9 महीने में दूसरी भारत यात्रा

## व्यापार

- सेंसेक्स में 500 अंक से ज्यादा की गिरावट, 75,000 पर कारोबार कर रहा, निफ्टी भी 150 अंक टूटा, बैंकिंग और आईटी शेयर्स में ज्यादा गिरावट
- आईफोन में पहली बार डीएसएलआर कैमरा वाली तकनीक मिलेगी, एंड्रॉयड फोन से बेहतर इमेज क्वालिटी, जानें क्यों आईफोन के कैमरे पॉपुलर हैं

## कार्टून..




## पं. कमल किशोर नागर को धमकी भरे पत्र का मामला

### नागर समाज आज सौंपेगा ज्ञापन



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

कथावाचक कमल किशोर नागर को प्राप्त धमकी भरे पत्र के मामले में त्वरित जांच और दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की मांग को लेकर नागर समाज द्वारा बुधवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। श्री हाटकेश्वर धाम न्यास, हरसिद्धि की पाल, उज्जैन एवं मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद, शाखा उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में यह ज्ञापन 9 सितंबर 2026, बुधवार को दोपहर 12.20 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय, माधव नगर, उज्जैन में सौंपा जाएगा।

समाजजनों का कहना है कि पंडित कमल किशोर नागर को धमकी भरा पत्र मिलना गंभीर विषय है। इस मामले में पुलिस से पत्र की गंभीरता से जांच कराने, धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान करने तथा दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### एकजुटता के साथ पहुंचने की अपील

ज्ञापन को लेकर नागर समाज की ओर से समाज के सभी बंधुओं, मातृशक्ति एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में निर्धारित समय पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने की अपील की गई है। समाजजनों का कहना है कि इस मामले में एकजुट होकर अपनी आवाज उठाना जरूरी है। आयोजकों ने कहा कि समाज की एकजुटता न केवल सुरक्षा और सम्मान के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी, बल्कि पुलिस प्रशासन तक भी मामले की गंभीरता का संदेश पहुंचेगा।

## सबसे ज्यादा कमाई करने वाले प्रधानमंत्री बने वोंग

### मिलेगी 27 करोड़ रुपये सैलरी, अमेरिका-भारत के नेता भी छूटे पीछे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिंगापुर**

सिंगापुर सरकार ने प्रधानमंत्री, उप-प्रधानमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों की सैलरी में बड़ा इजाफा करने का फैसला किया है। सरकार के इस फैसले से प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की सालाना सैलरी 2.2 मिलियन सिंगापुर डॉलर से बढ़कर 3.6 मिलियन सिंगापुर डॉलर हो जाएगी। सरकार का तर्क है कि ऊंची सैलरी से बेहतर प्रतिभाओं को राजनीति में आकर्षित करने और प्रभावी शासन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। हालांकि, यह फैसला राजनीतिक रूप से संवेदनशील है क्योंकि नेताओं की आय आम नागरिकों की कमाई से काफी अधिक है। वोंग ने कहा है कि वह अपने कार्यकाल के दौरान सैलरी में हुई पूरी बढ़ोतरी को अच्छे कामों के लिए दान करेंगे।



### ऊंची सैलरी के पीछे सरकार की दलील

इस अमीर शहर-देश ने अपने राजनीतिक नेताओं को दी जाने वाली ऊंची सैलरी का बचाव करते हुए कहा है कि इससे योग्य और प्रतिभाशाली लोगों को राजनीति में आने के लिए आकर्षित करने में मदद मिलती है और बेहतर शासन सुनिश्चित किया जा सकता है। हालांकि, यह मुद्दा राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील है, क्योंकि कैबिनेट के सदस्यों की कमाई आम नागरिकों की आय की तुलना में कई गुना अधिक है।

**प्रधानमंत्री की सालाना सैलरी बढ़कर 3.6 मिलियन सिंगापुर डॉलर-** वोंग ने बताया कि नए बदलाव के बाद उनकी सालाना सैलरी 2.2 मिलियन सिंगापुर डॉलर ($1.7 मिलियन) से बढ़कर 3.6 मिलियन सिंगापुर डॉलर हो जाएगी। यानी उनकी सालाना सैलरी में करीब 1.4 मिलियन सिंगापुर डॉलर का इजाफा होगा। भारतीय मुद्रा में उनकी नई सालाना सैलरी लगभग 27 करोड़ रुपये के बराबर होगी।

### बिजली की मांग बढ़ी तो अब खुद तय होगी कटौती, उज्जैन भी नई व्यवस्था के दायरे में

## ग्रिड पर दबाव बढ़ते ही स्वचालित प्रणाली करेगी बिजली भार कम करने का फैसला

### स्थिति सामान्य होते ही आपूर्ति बहाल करने की प्रक्रिया भी होगी स्वचालित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रदेश में बिजली की मांग अचानक बढ़ने या बिजली ग्रिड पर दबाव आने की स्थिति में अब उज्जैन सहित पूरे प्रदेश में बिजली कटौती का फैसला केवल मैनुअल तरीके से लेने की जरूरत कम होगी। नई स्वचालित मांग प्रबंधन व्यवस्था वास्तविक समय में ग्रिड की स्थिति पर नजर रखेगी और जरूरत पड़ने पर स्वयं तय करेगी कि किस वितरण कंपनी का कितना बिजली भार कम किया जाना है। इसके आधार पर संबंधित क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए बंद की जा सकेगी।

नई व्यवस्था का उद्देश्य किसी एक क्षेत्र में लंबे समय तक बिजली कटौती करना नहीं, बल्कि पूरे बिजली ग्रिड को असंतुलित होने से बचाना है। ग्रिड की स्थिति सामान्य होते ही जिन क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बंद की गई थी, वहां निर्धारित प्रक्रिया के तहत आपूर्ति भी बहाल की जा सकेगी। इससे अचानक बढ़ने वाली बिजली मांग के दौरान व्यवस्था को संभालने में मदद मिलेगी।

- यह व्यवस्था तब सक्रिय होगी, जब बिजली ग्रिड की आवृत्ति 50 हट्‌र्ज से नीचे चली जाए और वितरण कंपनियां अपने निर्धारित कार्यक्रम से 12 प्रतिशत से अधिक या 150 मेगावाट तक अतिरिक्त बिजली लेने लगें। ऐसी स्थिति लगातार 15 मिनट तक बनी रहने पर स्वचालित मांग प्रबंधन प्रणाली सक्रिय हो जाएगी।
- इसके बाद कंप्यूटर आधारित प्रणाली यह निर्धारित करेगी कि प्रदेश की प्रत्येक वितरण कंपनी से कितना बिजली भार कम किया जाना है। यानी उज्जैन समेत प्रदेश के विभिन्न शहरों और क्षेत्रों में ग्रिड पर दबाव बढ़ने की स्थिति में बिजली कटौती का फैसला तत्काल मानवीय हस्तक्षेप पर ही निर्भर नहीं रहेगा।
- **उज्जैन में भी इसका असर:** प्रदेश की बिजली व्यवस्था से जुड़े होने के कारण उज्जैन में भी मांग और ग्रिड की स्थिति के अनुसार इस स्वचालित व्यवस्था के तहत अस्थायी बिजली कटौती हो सकती है। हालांकि इसका उद्देश्य नियमित या लंबे समय की कटौती नहीं, बल्कि ग्रिड को सुरक्षित और संतुलित बनाए रखना होगा।




# 160 करोड़ पार हनुमान अंश

### सीएम योगी से मिले फिल्म के कलाकार, यूपी में टैक्स-फ्री होने की अटकलें

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

कम बजट में बनी फिल्म हनुमान अंश इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। नीम करौली बाबा के जीवन और उनकी हनुमान भक्ति पर आधारित इस फिल्म ने दर्शकों के बीच खास लोकप्रियता हासिल की है। फिल्म की टीम के मुताबिक, करीब 2 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म ने जबरदस्त कमाई की है। ताजा रिपोर्टों में इसका वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन करीब 160-170 करोड़ रुपये के आसपास बताया जा रहा है।

फिल्म की सफलता के बाद निर्देशक विशाल चतुर्वेदी, मुख्य अभिनेता शोभिनव सत्य और टीम के अन्य सदस्य लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने भी मुलाकात की जानकारी साझा की है।

**सीएम योगी ने देखे फिल्म के खास दृश्य-** मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिल्म के कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों को देखा। इनमें गुरु गोरखनाथ और नाथ संप्रदाय से जुड़े प्रसंग भी शामिल हैं। फिल्म के निर्देशक ने नीम करौली बाबा के आध्यात्मिक जीवन और नाथ परंपरा से जुड़े उनके संबंधों के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने फिल्म की टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं।



**नीम करौली बाबा के किरदार से शोभिनव को मिली पहचान-** फिल्म में नीम करौली बाबा की भूमिका निभाने वाले शोभिनव सत्य को दर्शकों की ओर से काफी सराहना मिल रही है। खास बात यह है कि वे मूल रूप से फिल्म से सहायक निर्देशक के तौर पर जुड़े थे। मुख्य अभिनेता के अचानक बीमार पड़ने के बाद निर्देशक ने उनका करीब पांच घंटे का स्क्रीन टेस्ट लिया और उन्हें बाबा की भूमिका के लिए चुना।

**क्या उत्तरप्रदेश में टैक्स-फ्री होगी फिल्म-** मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद फिल्म को उत्तर प्रदेश में टैक्स-फ्री किए जाने की चचाएं तेज हो गई हैं। हालांकि फिलहाल उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से फिल्म को टैक्स-फ्री घोषित किए जाने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म को पहले ही उत्तराखंड में टैक्स-फ्री किए जाने की जानकारी सामने आई है। अब निगाहें उत्तर प्रदेश सरकार के अगले फैसले पर हैं।

## खबर एक नजर...

### आज गूंजेगी श्रीकृष्ण की बांसुरी, दो सौ कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुतियां

**उज्जैन।** जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में संस्कार भारती उज्जैन द्वारा आज बुधवार नौ सितंबर को शाम छह बजे कालिदास अकादमी के पंडित सूर्यनारायण व्यास कला संकुल में श्रीकृष्ण नृत्य दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। संस्था के मीडिया प्रभारी जयंत तेलंग ने बताया कि कार्यक्रम में शहर की पंद्रह कला संस्थाओं के लगभग दो सौ प्रतिभावान कलाकार भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित अपनी नृत्यांजलि चरणों में समर्पित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन नृत्याचार्य पंडित सुदर्शन आयाचित करेंगे, जबकि संयोजन नृत्यगुरु इंजीनियर प्रतिभा रघुवंशी एलची संभालेंगी। संस्कार भारती कार्यकारिणी ने शहर के सभी कला प्रेमियों से इस अलौकिक सांस्कृतिक संध्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है

### जनरेशन गैप मिटाने वर्धमान ग्रुप के युवाओं ने की नियॉन नॉइस पार्टी, हुआ सम्मान

**उज्जैन।** जैन समाज के युवाओं को धर्म, परिवार और समाज से जोड़ने के उद्देश्य से वर्धमान ग्रुप के 'जेन जी' (18 से 23 वर्ष के युवा) ने 'नियॉन नॉइस पार्टी' का आयोजन किया। इस पारिवारिक आयोजन में मोबाइल और संचार क्रांति के कारण बच्चों और माता-पिता के बीच बढ़ती दूरी को कम कर, उन्हें आपस में जोड़ने का सार्थक प्रयास किया गया। समारोह के दौरान शहर के विभिन्न पदों पर आसीन गणमान्य नागरिकों का शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया। वर्धमान ग्रुप के अध्यक्ष हितेष तनु बड़जात्या और सचिव राजेश नमिता लुहाड़िया ने बताया कि अवसर पर उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, विक्रमादित्य नागरिक सहकारी बैंक के नवनियुक्त चेयरमैन नरेन्द्र मुन्ना सोगानी, डायरेक्टर मनोज बोहरा, कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष उदित बड़जात्या और कनन अशोक जैन का भव्य सत्कार किया गया। ग्रुप के चेयरमैन पंकज रेणु जैन और कोषाध्यक्ष आदिश खुशी विनायका ने बताया कि संस्था ने कुछ समय पूर्व 7 दिवसीय बाल युवा संस्कार शिविर का आयोजन किया था। अब युवाओं को आधुनिक माहौल देकर परिवार के साथ जोड़ने के लिए इस पार्टी का आयोजन किया गया, ताकि बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिना झिझक अपने मन की बात साझा कर सकें। आयोजन में पिता-पुत्र, भाई-बहन और परिवारों ने एक साथ उत्साह से भाग लिया। अतिथियों के साथ वर्धमान के संरक्षक संजय पांड्या और जिनेन्द्र जैन ने प्रायोजकों का सम्मान किया। कार्यक्रम के प्रायोजक रितेश रीमा पतंग्या और आशीष पिंकी जरीवाला की ओर से श्रेष्ठ स्टार किड्स का अवार्ड सुभिक्षा जैन को दिया गया। इसी तरह बेस्ट ग्लो कपल का अवॉर्ड प्रियंक रश्मि चौधरी एवं रोहिल जया बड़जात्या, ग्लो आइकन मेल हेमन्त गंगवाल और ग्लो आइकन फीमेल का अवार्ड मेघा कासलीवाल को प्रदान किया गया।

### पूर्व मंत्री पारसचंद जैन को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** पूर्व मंत्री, विधायक और अखिल भारतीय जैन समाजोत्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष पारसचंद जैन को एक शोक सभा में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह आयोजन अखिल भारतीय जैन समाजोत्थान ट्रस्ट, राजेंद्र सूरि शताब्दी शोध संस्थान और राज राजेंद्र जयंत सेन सूरि शिक्षा महाविद्यालय परिवार द्वारा किया गया। पारसचंद जैन का 3 अगस्त 2026 को देवलोक गमन हो गया था। श्रद्धांजलि सभा में जैन समाज की विभिन्न संस्थाओं और उज्जैन जिले के कई सामाजिक संगठनों ने उन्हें भावांजलि दी। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला, जिससे वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। श्रद्धांजलि देते हुए वक्ताओं ने कहा कि पारसचंद जैन जैसा नाम था, वैसा ही उनका काम भी था। वे किसी को छोटा या बड़ा नहीं समझते थे और उनका व्यवहार सभी के प्रति स्नेहपूर्ण व मित्रवत था। 'पहलवान' नाम से प्रसिद्ध पारसचंद जैन के सहज, सरल व्यक्तित्व और अद्भुत नेतृत्व क्षमता को याद करते हुए उपस्थित जनों ने उनके देखे गए सपनों को पूर्ण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, पार्षद रजत मेहता, राजेश बनवट, डॉ. बी.के. मेहता, राजबहादुर मेहता, डॉ. अनिल जैन, मदनलाल कनवाल, संजय कोठारी, सुरेश पगारिया, डॉ. पारस श्रीमाल, राकेश बनवट, शेखर पाठक, राजेंद्र पटवा, पवन जैन, प्रेमकुमार तलेरा, चंद्रकांता, अंगूरबाला, पूजा तलेरा और संदेश तलेरा सहित उनके पुत्र, पुत्रवधू, भाई, बहन एवं परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभा का समापन दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विद्या जोशी ने किया तथा आभार राजेश बनवट ने माना।

### उज्जैन में यूको बैंक की सब्जी मंडी शाखा का नवीन परिसर में हुआ शुभारंभ

**उज्जैन।** यूको बैंक की सब्जी मंडी शाखा का नवीन परिसर में 7 सितंबर को गरिमामय समारोह के साथ शुभारंभ किया गया। नवीन शाखा का यह शुभारंभ बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक अंबिकानंद झा एवं अंचल प्रमुख विक्रांत टंडन सहित बैंक के अधिकारी, कर्मचारी एवं शाखा के ग्राहक उपस्थित रहे। नवीन परिसर में स्थानांतरित इस शाखा का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक, बेहतर एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस शाखा के माध्यम से ग्राहकों को बैंकिंग की विभिन्न सेवाओं के साथ-साथ गृह ऋण, कार ऋण, स्वर्ण ऋण एवं एमएसएमई ऋण जैसी ऋण सुविधाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। समारोह के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक शाहबाज खान ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं ग्राहकों का स्वागत करते हुए कहा कि यूको बैंक हमेशा अपने ग्राहकों को बेहतर एवं त्वरित बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नवीन परिसर में शाखा के माध्यम से ग्राहकों को और अधिक सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव प्रदान करने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों से बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया। अंत में समारोह का समापन सभी अतिथियों एवं ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

### देशभर में पहुंची खड़े हनुमान की गूंजः समय बीतने के साथ बदल रहा जनमत

# अब भक्त चाहते हैं–दक्षिणमुखी स्वरूप में यहीं विराजे रहें हनुमानजी

**ब्रह्मास्त्र** ›› उज्जैन

धर्मनगरी उज्जैन के प्राचीन खड़े हनुमान मंदिर और हनुमानजी की प्रतिमा के विस्थापन का मामला अब केवल स्थानीय मुद्दा नहीं रह गया है। प्रतिमा को स्थानांतरित करने के लगातार प्रयासों और उसमें बरती जा रही प्रशासनिक सावधानी की खबर देशभर में चर्चा का विषय बन गई है। राष्ट्रीय मीडिया और सोशल मीडिया पर लगातार प्रसारित हो रहे वीडियो, समाचार और तस्वीरों ने इस मामले को देश के कोने-कोने तक पहुंचा दिया है।

शुरूआत में सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों को देखते हुए प्रतिमा के विस्थापन को लेकर अलग-अलग मत सामने आए थे। लेकिन जैसे-जैसे समय बीत रहा है और प्रतिमा को सुरक्षित रूप से हटाने की प्रक्रिया जटिल होती दिखाई दे रही है, वैसे-वैसे आमजन और श्रद्धालुओं की सोच में भी बदलाव नजर आने लगा है। प्रतिमा को लेकर प्रशासन जिस प्रकार तकनीकी जांच, स्कैनिंग और विशेषज्ञों की सलाह लेने की तैयारी कर रहा है, उसे लेकर भी लोगों में कई तरह की चचाएं हैं। प्रतिमा को बिना किसी क्षति के सुरक्षित रखने के लिए बरती जा रही अतिरिक्त सावधानी को श्रद्धालु अपनी आस्था और हनुमानजी की इच्छा से जोड़कर देख रहे हैं।





कई श्रद्धालुओं का कहना है कि यह केवल एक निर्माण कार्य या सामान्य विस्थापन की प्रक्रिया नहीं है। उनके लिए यह वर्षों पुरानी आस्था, परंपरा और विश्वास का विषय है। प्रतिमा अपने स्थान से आसानी से नहीं हट पाने की घटनाओं को भक्त अपने-अपने विश्वास के अनुसार दैवीय संकेत और चमत्कार के रूप में देख रहे हैं। हालांकि प्रशासन और विशेषज्ञ इस पूरे मामले को तकनीकी और संरचनात्मक दृष्टि से जांचने की बात कर रहे हैं, लेकिन जनभावनाओं में इसे लेकर धार्मिक भावनाएं लगातार प्रबल होती जा रही हैं। प्रतिमा के आधार और संरचना की स्कैनिंग के बाद आगे का निर्णय लिए जाने की बात कही गई है।

#### मंदिर का ढांचा हटने के बाद भी अडिग रही प्रतिमा ने बढ़ाई चर्चा

खड़े हनुमानजी की प्रतिमा को लेकर सबसे अधिक चर्चा इस बात की हो रही है कि आसपास का मंदिर ढांचा हटने के बाद भी प्रतिमा अपने स्थान पर अडिग बनी हुई है। प्रतिमा को स्थानांतरित करने के प्रयासों में सफलता नहीं मिलने की खबरें जैसे-जैसे बाहर पहुंचीं, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की भीड़ और उत्सुकता बढ़ती गई। मंगलवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे और भजन-कीर्तन के माध्यम से अपनी आस्था व्यक्त की। देशभर के मीडिया प्लेटफॉर्मों पर इस घटनाक्रम के पहुंचने के बाद अब उज्जैन के बाहर भी खड़े हनुमानजी को लेकर लोगों की जिज्ञासा बढ़ गई है।

#### विस्थापन नहीं, यहीं सुरक्षित रखा जाए

अब बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के बीच यह भावना मजबूत होती दिखाई दे रही है कि हनुमानजी की प्रतिमा को उसके वर्तमान स्थान से हटाने के बजाय वहीं सुरक्षित रखते हुए विकास कार्य का कोई वैकल्पिक समाधान तलाशा जाए। भक्तों का कहना है कि खड़े हनुमानजी केवल एक प्रतिमा नहीं, बल्कि कई पीढ़ियों की आस्था का केंद्र हैं। स्थानीय लोगों के जीवन में इस मंदिर और दक्षिणमुखी खड़े हनुमानजी का विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं की मांग है कि खड़े हनुमानजी अपने मूल स्थान पर और अपने वर्तमान दक्षिणमुखी स्वरूप में ही विराजमान रहें। उनका कहना है कि यदि सड़क निर्माण या अन्य विकास कार्यों के लिए डिजाइन में कोई तकनीकी परिवर्तन संभव हो सकता है तो उस विकल्प पर विचार किया जाना चाहिए।

#### पहले विकास की चर्चा थी, अब आस्था का स्वर तेज

मामले की शुरूआत सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों से हुई थी। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के मद्देनजर शहर में सड़क चौड़ीकरण सहित कई विकास परियोजनाओं पर काम चल रहा है। खड़े हनुमान मंदिर का स्थान भी प्रस्तावित सड़क निर्माण के मार्ग में आने के कारण विस्थापन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। लेकिन अब समय के साथ इस मुद्दे का स्वरूप बदलता दिखाई दे रहा है। पहले चर्चा यह थी कि विकास कार्य के लिए प्रतिमा को किस प्रकार सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए, लेकिन अब बड़ी संख्या में श्रद्धालु यह सवाल उठाने लगे हैं कि यदि प्रतिमा को हटाना इतना कठिन हो रहा है तो क्या इसके पीछे जनभावनाओं और आस्था को भी गंभीरता से नहीं समझा जाना चाहिए? भक्तों का कहना है कि विकास का विरोध किसी को नहीं है। सड़कें चौड़ी हों, शहर का विकास हो और सिंहस्थ 2028 की तैयारियां भी पूरी हों, लेकिन विकास के साथ धार्मिक आस्था और शहर की पुरातन विरासत का सम्मान भी उतना ही जरूरी है।

#### हनुमानजी दक्षिणमुखी ही बने रहें

मामले में अब एक नई और महत्वपूर्ण भावना यह भी सामने आ रही है कि भक्त केवल प्रतिमा को बचाने की मांग नहीं कर रहे, बल्कि वे चाहते हैं कि खड़े हनुमानजी का वर्तमान स्वरूप और दिशा भी जस की तस बनी रहे। श्रद्धालुओं के अनुसार, वर्षों से दक्षिणमुखी स्वरूप में विराजमान खड़े हनुमानजी की पूजा-अर्चना और परंपराएं इसी रूप में चली आ रही हैं। इसलिए यदि किसी कारण से भविष्य में कोई निर्णय लिया भी जाता है तो भक्तों की पहली इच्छा यही है कि हनुमानजी के दक्षिणमुखी स्वरूप और धार्मिक परंपरा के साथ कोई परिवर्तन न हो। भक्तों का कहना है कि प्रतिमा को केवल एक संरचना मानकर निर्णय नहीं लिया जाना चाहिए। उसके साथ वर्षों की धार्मिक मान्यता, पूजा-पद्धति, स्थानीय परंपरा और हजारों लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

#### संतों और हिंदू संगठनों की सक्रियता से बदला माहौल

खड़े हनुमानजी के दर्शन के लिए संतों और हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों के पहुंचने के बाद भी इस मुद्दे को नई दिशा मिली है। संतों ने प्रशासन से आस्था और जनभावनाओं का सम्मान करने की अपील की है। विरोध कर रहे पक्षों का कहना है कि विकास जरूरी है, लेकिन विकास के नाम पर पुरानी धार्मिक विरासत और जनविश्वास की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। अब यह मामला केवल प्रतिमा के तकनीकी विस्थापन तक सीमित नहीं रह गया है। सवाल यह भी खड़ा हो गया है कि क्या शहर की विकास योजनाओं में ऐसे प्राचीन धार्मिक स्थलों के लिए पहले से संवेदनशील और वैकल्पिक योजना बनाई जानी चाहिए?

#### सोशल मीडिया ने बदल दी पूरे मामले की तस्वीर

खड़े हनुमानजी की प्रतिमा को लेकर घटनाक्रम का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुईं। इसके बाद देशभर के लोगों की नजर उज्जैन पर पहुंच गई। राष्ट्रीय समाचार माध्यमों में प्रमुखता से खबर आने के बाद मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या भी बढ़ने लगी है। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि शायद यही कारण है कि अब इस मुद्दे पर लोगों की राय भी तेजी से बदल रही है। जो लोग पहले इसे केवल सड़क चौड़ीकरण की सामान्य प्रक्रिया मान रहे थे, वे भी अब प्रतिमा की ऐतिहासिकता, धार्मिक महत्व और जनभावनाओं पर चर्चा करने लगे हैं। प्रतिमा और मंदिर की प्राचीनता को लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं। कुछ रिपोर्टों में मंदिर का इतिहास करीब 170 वर्ष पुराना बताया गया है, जबकि कुछ विशेषज्ञों ने प्रतिमा की संरचना और शिल्पकला को अधिक प्राचीन होने की संभावना से जोड़ा है। ऐसे में इसकी वास्तविक ऐतिहासिकता और संरचना को लेकर वैज्ञानिक तथा पुरातात्विक अध्ययन की आवश्यकता और भी बढ़ गई है। यही कारण है कि अब आमजन भी जल्दबाजी में किसी निर्णय के पक्ष में नहीं दिखाई दे रहा। लोगों की मांग है कि पहले प्रतिमा के इतिहास, संरचना और आधार की पूरी वैज्ञानिक जांच हो और उसके बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाए।

#### अब प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती

खड़े हनुमानजी का मामला प्रशासन के लिए भी एक संवेदनशील चुनौती बन चुका है। एक ओर सिंहस्थ 2028 को देखते हुए सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों को समय पर पूरा करने का दबाव है, वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ती जनभावनाएं और श्रद्धालुओं की मांग है। प्रशासन ने फिलहाल तकनीकी परीक्षण और विशेषज्ञों की राय के आधार पर आगे बढ़ने की बात कही है। ऐसे में आने वाले दिनों में स्कैनिंग रिपोर्ट और विशेषज्ञों की सलाह के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि प्रतिमा के भविष्य को लेकर क्या निर्णय लिया जाता है। खड़े हनुमानजी के मामले ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि विकास और विरासत के बीच संतुलन किस प्रकार बनाया जाए। समय बीतने के साथ अब जनभावना स्पष्ट रूप से बदलती नजर आ रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि विकास कार्य जरूर हों, लेकिन आस्था को आहत किए बिना। शहर आगे बढ़े, सड़कें भी बनें, लेकिन सदियों से लोगों के विश्वास का केंद्र रहे धार्मिक स्थलों को बचाने के हर संभव प्रयास किए जाएं। भक्तों की सबसे बड़ी मांग अब यही बनती जा रही

### उज्जैन-नागदा फोरलेन का न टेंडर, न एग्रीमेंट, फिर विभागीय पोर्टल पर कार्य पूर्ण

# प्रदेश सरकार की किरकिरी करा रहे अधिकारी?

### उज्जैन के लोक निर्माण विभाग और एमपीआरडीसी के रिकॉर्ड पर उठे सवाल

उज्जैन। उज्जैन-नागदा मार्ग को लेकर लोक निर्माण विभाग और एमपीआरडीसी के रिकॉर्ड में दर्ज जानकारी ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दावा किया जा रहा है कि उज्जैन से नागदा तक टू-लेन सड़क को फोरलेन में बदलने का काम विभागीय दस्तावेज में ह्यकार्य पूर्णह्न दशार्या गया है, जबकि जमीनी स्थिति में इस मार्ग के फोरलेन निर्माण का टेंडर और एग्रीमेंट तक नहीं होने की बात सामने आ रही है।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि संबंधित सड़क के फोरलेन निर्माण के लिए अभी टेंडर प्रक्रिया और अनुबंध ही नहीं हुआ है तो फिर विभागीय स्तर पर इसे निर्माण पूर्ण कैसे दर्शा दिया गया? मामला सामने आने के बाद विभागीय कार्यप्रणाली और रिकॉर्ड तैयार करने की प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं।

#### फेसबुक पेज पर भी जानकारी प्रसारित

बताया जा रहा है कि यही जानकारी लोक निर्माण विभाग के आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर भी प्रसारित की गई, जिसमें उज्जैन-नागदा फोरलेन निर्माण कार्य को पूर्ण बताया गया। यदि यह जानकारी वास्तव में विभाग के आधिकारिक माध्यम से जारी हुई है तो यह सामान्य त्रुटि से कहीं अधिक गंभीर विषय है, क्योंकि सरकारी परियोजनाओं से संबंधित जानकारी के आधार पर शासन और आमजन विकास कार्यों की स्थिति का आकलन करते हैं।

#### एक ही दस्तावेज में कई परियोजनाओं की स्थिति

विभागीय जानकारी में उज्जैन-इंदौर मार्ग का करीब 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण बताया गया है, जबकि इंदौर आउटर रिंग रोड को निमार्णाधीन बताया गया है। वहीं उज्जैन को जावरा-दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने की दिशा में कार्य जारी होने तथा उज्जैन सिंहस्थ बायपास और हरिफाटक ब्रिज के चौड़ीकरण जैसे कार्यों का भी उल्लेख किया गया है। ऐसे में उज्जैन-नागदा मार्ग को फोरलेन के रूप में ह्यकार्य पूर्णह्न दशार्या जाना कई सवाल खड़े करता है।

#### सीएम के काफिले के गुजरने के बावजूद किसी की नजर नहीं पड़ी?

मामले को इसलिए भी गंभीर माना जा रहा है क्योंकि इसी सप्ताह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए उन्हेल पहुंचे थे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों का काफिला भी इसी मार्ग से गुजरा। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जिस सड़क को विभागीय रिकॉर्ड में फोरलेन निर्माण पूर्ण बताया जा रहा है, उसकी वास्तविक स्थिति पर किसी अधिकारी की नजर क्यों नहीं पड़ी?

#### सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्यो पर भी उठेंगे सवाल

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 को लेकर बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं। ऐसे में किसी महत्वपूर्ण सड़क की स्थिति के संबंध में सरकारी रिकॉर्ड में गलत अथवा भ्रामक जानकारी दर्ज होना गंभीर विषय है। यदि यह महज तकनीकी या मानवीय त्रुटि है तो जिम्मेदार अधिकारी इसकी स्पष्टता सार्वजनिक करें और रिकॉर्ड दुरुस्त किया जाए। यदि जानबूझकर गलत जानकारी दर्ज की गई है तो इसकी जिम्मेदारी तय होना आवश्यक है।

#### सरकार से उच्चस्तरीय जांच की मांग

पूरे मामले में मुख्यमंत्री से लेकर संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तक से जांच की मांग की जा रही है। यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि उज्जैन-नागदा फोरलेन परियोजना की वर्तमान वास्तविक स्थिति क्या है, उसका टेंडर कब जारी हुआ, एग्रीमेंट कब हुआ और यदि ऐसा कोई कायार्देश नहीं है तो सरकारी दस्तावेज में कार्य पूर्ण किस आधार पर दशार्या गया। साथ ही विभागीय पोर्टल एवं आधिकारिक सोशल मीडिया पर जानकारी अपलोड करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी भी तय की जानी चाहिए।

# इंडस हॉस्पिटल के पीछे गंदगी का अंबार, खुले में घूम रहे सूअर, बीमारियों का खतरा



**ब्रह्मास्त्र** ›› उज्जैन

देवास रोड स्थित इंडस हॉस्पिटल के पीछे का क्षेत्र इन दिनों गंदगी और अव्यवस्था से जूझ रहा है। यहां खुले में सूअर घूम रहे हैं और जगह-जगह गंदगी फैली होने से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से यहां नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। स्थानीय निवासी सूरज सिंह ने बताया कि अस्पताल के पीछे खाली क्षेत्र में गंदगी जमा है और खुले में सूअरों का झुंड घूमता रहता है। आसपास कचरा पड़ा होने से बदबू और मच्छरों की समस्या भी बनी रहती है। उनका कहना है कि जिस समय शहर में विभिन्न बीमारियों को लेकर प्रशासन सतर्कता बरत रहा है, ऐसे समय में इस क्षेत्र की अनदेखी चिंता का विषय है।

रहवासियों के मुताबिक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अमला नियमित रूप से नहीं पहुंचता। कई बार गंदगी की स्थिति ऐसी हो जाती है कि आसपास रहने और आने-जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। लोगों का कहना है कि खुले में घूम रहे सूअरों और जमा कचरे के कारण संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है।

### ज्ञानमन्दिर में रुपयों के बजाय स्वाध्याय और नियमों से लिए गए चढ़ावे

# पर्युषण पर्व का उल्लास के साथ हुआ शुभारंभ

### आराधकों ने नवकार मंत्र अभिषेक और रजोहरण स्पर्शना कर लिए त्याग के संकल्प

**ब्रह्मास्त्र** ›› उज्जैन

ज्ञानमन्दिर में पर्युषण पर्व की शुरूआत एक अनूठी और प्रेरक पहल के साथ हुई। यहाँ धार्मिक आयोजनों के लिए धन की जगह स्वाध्याय और नियमों (त्याग) के चढ़ावे लगाए गए। नौ दिवसीय आराधना पूर्ण होने पर नवकार महामंत्र के अभिषेक और संयम के रजोहरण की स्पर्शना का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर कठिन नियम लिए।

संघ सचिव संजय कोठारी द्वारा संचालित इस आयोजन में आराधकों के बीच नियम लेने और स्वाध्याय करने की होड़ रही। एक वर्ष में नवकार मंत्र की 2501 माला फेरने के संकल्प के साथ पुष्पा प्रदीप कुमार मेहता ने सर्वप्रथम नवकार मंत्र का अभिषेक किया। इसी तरह आजीवन रात्रि भोजन त्यागने के संकल्प के साथ मनोज-रानू पगारिया ने प्रथम रजोहरण स्पर्शना का लाभ लिया। अरविंद-संगीता कोठारी ने आजीवन जमीकंद (कंदमूल) त्याग कर द्वितीय और रमेशचंद सुभाषचंद्र संघवी परिवार ने एक वर्ष में 4601 सामायिक करने का संकल्प लेकर तृतीय स्पर्शना का लाभ लिया।

#### हृदय में नवकार मंत्र स्थापित करने से दूर होंगी चिंताएं

आयोजन में साध्वी श्री अनन्तदृष्टा श्रीजी म.सा. और साध्वी श्री मयूरकला श्रीजी म.सा. की शिष्या साध्वी श्री रिद्धि निधी श्रीजी ने धर्मसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नमस्कार महामंत्र जैन शासन का राजा है। अभिषेक कर इसे हृदय में स्थापित करना चाहिए। हृदय में राजाधिराज के होने से सारी चिंताएं दूर हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि रजोहरण का स्पर्श हमें संयम मार्ग की ओर प्रेरित करता है। जब भरत चक्रवर्ती और शालिभद्र जैसे महापुरुष राजपाट व समृद्धि छोड़कर संयम ले सकते हैं, तो हमें भी छोटे-छोटे त्याग करने से घबराना नहीं चाहिए।



#### बालिका परिषद ने बनाई गहुली

मीडिया प्रभारी नरेन्द्र तल्लेरा और वीरेन्द्र गोलेचा ने बताया कि आराधकों ने रजोहरण की स्पर्शना कर संयममय जीवन की अनुभूति की और गुरुदेव की प्रतिमा के समीप नियम लिए। इससे पूर्व पर्युषण पर्व के स्वागत में बालिका परिषद ने आकर्षक गहुली बनाई। प्रथम दिन प्रातः सामूहिक स्नात्र, पूजन, प्रवचन और प्रतिक्रमण के साथ तप-आराधना की शुरूआत हुई।

### उज्जैन में आज धर्म सभा का आयोजनःसरकारी शिप्रा आरती के विरोध में एकजुट होंगे तीर्थ पुरोहित

**ब्रह्मास्त्र** ›› उज्जैन

शिप्रा नदी किनारे राणोजी की छत्री के सामने रामघाट पर होने वाली पारंपरिक मां शिप्रा आरती को लेकर प्रशासन और तीर्थ पुरोहितों के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। करीब एक माह पहले विवाद की शुरूआत तब हुई, जब महाकाल मंदिर समिति की ओर से आए बटुकों से शिप्रा नदी पर आरती कराई गई। इसका विरोध कई वर्षों से रामघाट पर आरती कर रहे तीर्थ पुरोहितों और पुजारियों ने किया था। इसके अगले दिन पुलिस और पुरोहितों के बीच विवाद बढ़ गया था। विवाद इतना बढ़ा कि धक्का-मुक्की तक की स्थिति बन गई। इसके बाद भी पुरोहितों ने कई बार महाकाल मंदिर समिति के बटुकों द्वारा कराई जा रही आरती का विरोध किया। अब यह विरोध देशव्यापी रूप लेता जा रहा है। बुधवार को देशभर से आए पुरोहित एक साथ मिलकर मां शिप्रा की संध्याकालीन आरती को लेकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। इसके लिए देश के प्रमुख तीर्थों से तीर्थ पुरोहित उज्जैन पहुंच गए हैं। श्री क्षेत्र पंडा समिति के अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी ने बताया कि शासन द्वारा रामघाट पर महाकाल मंदिर समिति के माध्यम से शिप्रा आरती कराए जाने के विरोध में शगुन गार्डन में धर्मसभा आयोजित की जाएगी। पंडित अमर डिब्बेवाला ने बताया कि शासन द्वारा परंपरा में हस्तक्षेप किया जा रहा है। उनका आरोप है कि महाकाल मंदिर में विद्या अध्ययनरत बटुकों से आरती कराई जा रही है और टेंडर के जरिए आरती कराने से इसका व्यवसायीकरण हो रहा है।

उज्जैन
बुधवार
09
सितम्बर, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

मूर्खस्य पञ्च चिह्नानि गर्वो दुर्वचनं तथा।
क्रोधश्च दृढवादश्च परवाक्येष्वनादरः।।

अर्थः मूर्ख के पांच लक्षण हैं अभिमान, दुष्ट बात, क्रोध, जिद्दी तर्क और दूसरों के प्रति सम्मान की कमी।

## खबर एक नजर...

### 24 साल बाद इंजीनियर को उसी तारीख पर मिली 5 साल की सजा

**इंदौर।** आय से अधिक संपत्ति के 24 साल पुराने मामले में विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री कैलाशचंद्र परवाल को दोषी ठहराया है। विशेष एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को 5 साल के सश्रम कारावास और 25 लाख रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। सबसे खास बात यह है कि मामले में आय से अधिक संपत्ति का अपराध 8 सितंबर 2002 को दर्ज हुआ था और 24 साल बाद इसी तारीख को अदालत ने फैसला सुनाया। 34.64 लाख आय, खर्च 1.08 करोड़ रुपए : जांच में 1 अगस्त 1981 से 8 सितंबर 2002 तक की आय और व्यय का हिसाब लगाया गया। इस अवधि में आरोपी की ज्ञात स्त्रोतों से कुल आय 34,64,528 रुपए थी, जबकि चल-अचल संपत्ति और विभिन्न मदों में कुल 1,08,70,218 रुपए खर्च किए गए। आरोपी के कब्जे से 74,05,690 रुपए की अनुपातहीन संपत्ति पाई गई। 50 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा था एसपी डॉ. राजेश सहाय के मुताबिक मामले की शुरूआत 6 सितंबर 2002 को हुई थी। शैलेन्द्र जोशी ने तत्कालीन कार्यपालन यंत्री कैलाशचंद्र परवाल द्वारा 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगे जाने की शिकायत लोकायुक्त से की थी। इस पर कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त टीम ने आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा था। विवेचना के दौरान आरोपी की संपत्ति और निवेश की जांच की गई। इंदौर, खरगोन, देवास स्थित आवासों की तलाशी ली गई। बैंक खातों, बीमा पॉलिसियों और अन्य निवेश से जुड़े दस्तावेजों की जांच में उसकी संपत्ति प्रथम दृष्टया आय से अधिक पाई गई।

### साकेत नगर में कमर्शियल एक्टिविटी पर लीगल नोटिस

**इंदौल।** साकेत नगर में रिहायशी क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर हाई कोर्ट के एडवोकेट अजय कुमार असुदानी ने मध्य प्रदेश शासन, इंदौर कलेक्टर और नगर निगम कमिश्नर को कानूनी नोटिस भेजा है। 17 अगस्ते को जारी नोटिस में साकेत नगर में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों की जांच कर उन्हें तत्काल बंद कराने की मांग की गई है। नोटिस में एडवोकेट ने सुप्रीम कोर्ट में लंबित (लोगांथन विरुद्ध तमिलनाडु सरकार)मामले में 25 मार्च 2026 और 20 मई 2026 को पारित आदेशों का हवाला दिया है। नोटिस के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने रिहायशी क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक, ऐसी गतिविधियों को सील करने और संबंधित कार्रवाई के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। एडवोकेट ने नोटिस में कहा है कि वे स्वयं साकेत नगर में निवास करते हैं और पिछले 7 से 8 वर्षों में क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। इनमें जिम, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का उल्लेख किया गया है। नोटिस में साकेत/गुलमोहर क्षेत्र में संचालितजिम का उल्लेख करते हुए दावा किया गया है कि इसका संचालन सुबह करीब 6 बजे से रात 10 बजे तक होता है। नोटिस के अनुसार जिम आने वाले सदस्य सड़क के दोनों ओर वाहन पार्क करते हैं, जिससे साकेत से टेलीफोन नगर की ओर जाने वाली सड़क पर ट्रैफिक जाम और पार्किंग की समस्या पैदा होती है। नोटिस में जिम के बाउंसरों पर लोगों के साथ कथित तौर पर धमकी देने और मारपीट करने का भी आरोप लगाया गया है। ये आरोप नोटिस में अधिवक्ता की ओर से लगाए गए हैं।

### कलेक्टर की जनसुनवाई में युवक ने खुद पर केमिकल डाला

**इंदौर।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान आकाश, पिता सुरेश ने अचानक खुद पर केमिकल डाल लिया। घटना के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया और मौके पर मौजूद लोगों ने पानी डालकर केमिकल हटाया। डीजे लगी गाड़ी की खरीद के 11.21 लाख रुपए के भुगतान को लेकर युवक का दूसरे पक्ष से विवाद चल रहा है। अधिकारियों ने युवक को समझाइश दी और अब दूसरे पक्ष को भी बुलाकर दोनों की बात सुनने के बाद मामले का निराकरण किया जाएगा। इस मामले में पुलिस ने आकाश के खिलाफ बीएनएस की धारा 224 (सरकारी कर्मचारी को धमकी देकर उसे उसके सरकारी कर्तव्य से रोकने से संबंधित) के तहत केस दर्ज किया है। इसमें दोष सिद्ध होने पर 2 साल के कारावास की सजा का प्रा?वधान है। मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई चल रही थी। इसी दौरान आकाश वहां पहुंचा और अचानक अपने ऊपर कुछ केमिकल डाल लिया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने तुरंत युवक को पकड़ लिया। कुछ लोगों ने उस पर बोतलों से पानी डाला, ताकि केमिकल हटाया जा सके। इसके बाद युवक को बाहर ले जाकर अधिकारियों ने उससे पूरे मामले की जानकारी ली। कलेक्टर शिवम वर्मा और एसडीएम घनश्याम धनगर ने भी युवक की बात सुनी और उसे समझाइश दी। समझाइश के बाद युवक शांत हो गया।

### बाइक की सीट पर बैठा था सांप मुड़कर देखा तो तुरंत रोकी गाड़ी

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को बाइक की पिछली सीट पर नागिन मिलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। बाइक सवार को इसकी जानकारी नहीं थी। पीछे मुड़कर देखने पर सीट पर नागिन दिखाई दी, जिसके बाद उसने तुरंत बाइक रोक दी। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार इलाके से गुजर रहा था। इसी दौरान उसे सीट के पीछे कुछ हलचल महसूस हुई। उसने पीछे मुड़कर देखा तो पिछली सीट पर नागिन फन फैलाए बैठी थी। नागिन दिखाई देने के बाद बाइक सवार ने गाड़ी रोक दी। इसके बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। कई लोग मोबाइल से इसका वीडियो बनाने लगे। मामले की सूचना मिलने पर परदेशीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को बाइक से दूर हटाया और सुरक्षा व्यवस्था संभाली, ताकि कोई हादसा न हो।

### फर्जी सिम से 16.60 लाख की ठगी, क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में आया आरोपी

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन फास्ट-2.0 के तहत दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी तरीके से सिम एक्टिवेट करने के आरोप में एक पीओएस एजेंट को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी की मोबाइल शॉप से एक्टिवेट की गई एक संदिग्ध सिम का इस्तेमाल उत्तर प्रदेश में दर्ज दो साइबर अपराधों में हुआ, जिनमें 16 लाख 60 हजार 991 रुपए की ठगी सामने आई। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया के अनुसार, गृह मंत्रालय के आई4सी (इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर) से संदिग्ध पीओएस एजेंटों और फर्जी सिम यूजर्स की जानकारी मिली थी। इसके आधार पर ऑपरेशन फास्ट-2.0 के तहत संदिग्ध सिम और उन्हें एक्टिवेट करने वाले एजेंटों की जांच की गई। राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय, भोपाल से मिले इनपुट के आधार पर क्राइम ब्रांच ने पीओएस एजेंट धर्मेन्द्र अहिरवार की गतिविधियों की जांच शुरू की। उसकी मोबाइल शॉप से बड़ी संख्या में संदिग्ध सिम एक्टिवेट किए जाने की जानकारी सामने आई। इन सिम नंबरों की तकनीकी जांच कर एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज साइबर अपराध की शिकायतों से मिलान किया गया। जांच में एक सिम का कनेक्शन उत्तर प्रदेश में दर्ज दो साइबर ठगी के मामलों से मिला, जिनमें 16 लाख 60 हजार 991 रुपए की ठगी हुई थी।

### छात्रों की गूंज कार्यक्रम पर आईडीए ने पुलिस के पाले में डाली गेंद

# नेहरू स्टेडियम की परमिशन से निगम का इनकार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

राहुल गांधी के प्रस्तावित छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर अब प्रशासनिक स्तर पर स्थिति और पेचीदा होती नजर आ रही है। कार्यक्रम की अनुमति को लेकर नगर निगम ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि नगर निगम कार्यक्रम के लिए अनुमति नहीं देगा।

इसके पीछे हाई कोर्ट के आदेश का हवाला दिया गया है। नेहरू स्टेडियम का उपयोग खेल संबंधी गतिविधियों के अलावा निर्वाचन व मतगणना, प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न स्थितियों और केंद्र और राज्य शासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व राज्य स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ही किया जा सकता है। इसी वैधानिक स्थिति को देखते हुए छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए अनुमति देने संभव नहीं है।

वहीं, रीजनल पार्क के सामने स्थित जमीन को लेकर आईडीए ने भी गेंद पुलिस के पाले में डाल दी है। आईडीए ने पुलिस को पत्र लिखकर कहा है कि कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेता राहुल गांधी आ रहे है और अधिक भीड़ होने की संभावना है, ऐसी स्थिति में कानून व्यवस्था की दृष्टि से कार्यक्रम की अनुमति प्रदान की जा सकती है क्या ? इस संबंध में अपने अभिमत से आईडीए को जल्द अवगत कराए, ताकि परमिशन देने के संबंध में कार्यवाही की जा सके।



#### आईडीए बताए कितनी बार लिखा पुलिस को लेटर - चौकसे

- इस मामले में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे का कहना है कि आईडीए को यह बताना चाहिए कि अब तक उनके द्वारा जितनी भी परमिशन इस मैदान पर दी गई है उसमें से कितने मामलों में उन्होंने पुलिस को लेटर लिखकर पूछा है था।
- इन सब गविधियों से स्पष्ट है कि भाजपा और राज्य सरकार के इशारे पर इस कार्यक्रम के आयोजन में बाधाएं पैदा की जा रही है। चौकसे का कहना है कि राहुल गांधी का कार्यक्रम तो ग्राउंड पर होकर रहेगा।
- कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर छात्रों में काफी उत्साह देख रहा है।
- रीजनल पार्क के सामने आईडीए के ग्राउंड पर राहुल गांधी का कार्यक्रम किया जाना कांग्रेस ने तय किया है। इसके लिए बकायदा कांग्रेस द्वारा जारी किए गए क्यूआर कोड पर भी कार्यक्रम स्थल में रीजनल पार्क के सामने के ग्राउंड डाला गया है।
- परमिशन को लेकर रविवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष चौकसे सहित कई कांग्रेस नेता कलेक्टर शिवम वर्मा से भी मिल चुके है। संभावना जताई जा रही थी कि सोमवार को परमिशन के पेंच का हल निकल सकता है, लेकिन सोमवार को भी कार्यक्रम को लेकर परमिशन नहीं मिली।

कांग्रेस ने अब परमिशन के लिए आईडीए और नगर निगम को लेटर लिखा है। आईडीए को लिखे लेटर में लिखा है कि छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए आईडीए की जमीन उपलब्ध कराने और परमिशन दी जाए। कांग्रेस ने 14 से 19 सितंबर तक के लिए आईडीए की जमीन मांगी है। इसके साथ ही लिखा है कि कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए प्रशासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों और निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाएगा। कांग्रेस ने इस लेटर की प्राप्ति (रीसिविंग) भी ली है। वहीं कांग्रेस ने नगर निगम से नेहरू स्टेडियम के लिए भी परमिशन मांगी है। इसमें उन्होंने 14 सितंबर से लेकर 19 सितंबर तक के लिए नेहरू स्टेडियम देने की मांग की है।

### महू के सितापाट में गोडाउन का ताला तोड़कर विस्फोटक चोरी

# 300किग्रा नाइट्रेट मिक्सर के बॉक्स गायब 375 मीटर डेटोनेटिंग फ्यूज भी ले गए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ महू**

महू के बडगोंदा थाना क्षेत्र के सितापाट गांव में बदमाश गोडाउन का ताला तोड़कर करीब 35 हजार रुपए की विस्फोटक सामग्री चोरी कर ले गए। घटना 7 सितंबर की सुबह की है। गोडाउन से 300 किलो नाइट्रेट मिक्सर और करीब 375 मीटर डेटोनेटिंग फ्यूज चोरी हुआ है। घटना के बाद बडगोंदा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सिंदोड़ा निवासी सूरज पिता कान्तीलाल पाटीदार (33) ने पुलिस को बताया कि सितापाट गांव में सर्वे नंबर 212/01 और 214/01 स्थित उनके गोडाउन में नाइट्रेट मिक्सर और डेटोनेटिंग फ्यूज रखा था।

चोरी हुई सामग्री में 40 एमएम नाइट्रेट मिक्सर के 3 बॉक्स, वजन करीब 75 किलो, और 25 एमएम नाइट्रेट मिक्सर के 9 बॉक्स, वजन करीब 225 किलो हैं। इसके अलावा करीब 375 मीटर डेटोनेटिंग फ्यूज चोरी हुआ है। चोरी की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गोडाउन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के समय वहां आने-जाने वालों की जानकारी जुटा रही है। सूरज पाटीदार की शिकायत पर बडगोंदा पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस चोरी गई सामग्री और आरोपियों की तलाश कर रही है।



**ब्लास्टिंग के काम आती है चोरी हुई सामग्री**

नाइट्रेट मिक्सर का इस्तेमाल खदानों और चट्टानों में ब्लास्टिंग के लिए किया जाता है। डेटोनेटिंग फ्यूज ब्लास्टिंग में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक को सक्रिय करने के काम आता है। चोरी हुई सामग्री सामान्य सामान नहीं, बल्कि ब्लास्टिंग से जुड़ी नियंत्रित सामग्री है।

## 1500 करोड़ की कॉलोनियों के मामले में प्रशासन को झटका

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर जिला प्रशासन को सीलिंग जमीन को लेकर चल रहे विवाद में हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हातोद तहसील के सोनगीर क्षेत्र की कुछ जमीनों को सरकारी सीलिंग जमीन बताकर कॉलोनियों की विकास मंजूरी रोकने के प्रशासनिक फैसले को हाई कोर्ट ने गलत और मनमाना माना है। मामला करीब 1500 करोड़ रुपए की प्रस्तावित कॉलोनियों से जुड़ा बताया जा रहा है।

विवाद के चलते भाजपा नेता नीलेश चौधरी और उनके परिवार की स्वास्तिक ग्रैंड कॉलोनी की पहले से दी गई विकास मंजूरी निरस्त कर दी गई थी। वहीं मेहुल पिता नवीन मेहता की ल्यूमिनियस कॉरिडोर कॉलोनी को भी विकास मंजूरी देने से इनकार कर दिया था।

स्वास्तिक ग्रैंड मामले में चौधरी ने संभागायुक्त न्यायालय से स्टे लिया, जबकि ल्यूमिनियस कॉरिडोर ने हाईकोर्ट का रुख किया। ल्यूमिनियस कॉरिडोर की ओर से जून 2026 में कॉलोनी की विकास मंजूरी के लिए आवेदन किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि आवेदन में शामिल कुछ सर्वे नंबर वर्ष 2006 से 2010 के बीच सीलिंग में दर्ज होकर सरकारी जमीन के रूप में दर्ज थे। कॉलोनाइजर और जमीन मालिकों का कहना था कि इन जमीनों को 8 दिसंबर 2010 के आदेश से सीलिंग से मुक्त कर निजी भूमि के रूप में दर्ज किया जा चुका है। इसके समर्थन में एसडीओ के आदेश का भी हवाला दिया गया।

### 3.42 करोड़ के अवैध ट्रांजैक्शन का खुलासा

# म्यूल अकाउंट सप्लाई करने वाला शातिर गिरोह, 16 साइबर ठग गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

साइबर ठगी और ऑनलाइन धोखाधड़ी के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले नेटवर्क के खिलाफ एरोड्रम थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ठगी की रकम ट्रांसफर करने के लिए इस्तेमाल होने वाले म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन आरोपियों के खातों से महज एक महीने में करीब 3.42 करोड़ रुपए के संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, इसी नेटवर्क से जुड़े आरोपियों ने शेयर मार्केट और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश का झांसा देकर 17.84 लाख रुपए की साइबर ठगी भी की है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों के बैंक खातों के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में 200 से ज्यादा ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायतें एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज हैं। टीआई वीरेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि विपिन गंगवाल की 1.44 लाख रुपए की साइबर ठगी की शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने सबसे पहले सूरज जेसवाल को हिरासत में लिया। पूछताछ में सामने आया कि उसने महज 55 हजार रुपए के लालच में अपना बैंक खाता साइबर एजेंट को उपलब्ध कराया था। आगे की जांच में पता चला कि गिरोह गरीब और सीधे-साधे लोगों को कमीशन का लालच देकर फर्जी फर्मों के नाम पर बैंक खाते खुलवाता था। इन खातों में साइबर ठगी की रकम मंगाई जाती थी। इसके बाद रकम को क्रिप्टोकरेंसी यूएसडीटी के जरिए ट्रांसफर कर दिया जाता था। पुलिस ने एनसीआरपी पोर्टल पर आरोपियों के बैंक खातों की जानकारी खंगाली तो इनके खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में ऑनलाइन ठगी की 200 से अधिक शिकायतें सामने आईं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन खातों का इस्तेमाल कितनी साइबर ठगी में हुआ और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग कौन हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 34 एटीएम/डेबिट कार्ड, 12 बैंक पासबुक, 24 चेकबुक, 8 मोबाइल फोन, 1.08 लाख रुपए नकद और 1 वाईफाई राउटर बरामद किया है।

### इंदौर के नौकरी के बहाने युवक से ठगी

# कोर्स के नाम पर ठगे 2.73 लाख रुपये

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में जॉब दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवक से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। युवक ने नौकरी की तलाश में नौकरी डॉट कॉम पर रिज्यूम अपलोड किया था। इसके बाद उसे एक व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को मुंबई की एक निजी कंपनी का टैलेंट एक्विजिशन स्पेशलिस्ट बताया।

मोबाइल पर इंटरव्यू लेने के बाद युवक को कंपनी के नाम से नियुक्ति पत्र भी भेज दिया गया। इसके बाद अलग-अलग कोर्स और सर्टिफिकेट के नाम पर उससे करीब 2.73 लाख रुपए ऑनलाइन जमा करा लिए गए।

लसूड़िया पुलिस ने बताया कि पिंटू दास की शिकायत पर मंगलवार रात ऑनलाइन ठगी का केस दर्ज किया गया है। पिंटू के अनुसार, वह वर्ष 2025 से बेरोजगार है और नौकरी की तलाश कर रहा था। उसने ऑनलाइन अपना सीवी अपलोड किया था। इसके बाद सिद्धार्थ नाम के व्यक्ति ने कॉल किया और खुद को मुंबई स्थित केएनके बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड का टैलेंट एक्विजिशन स्पेशलिस्ट बताया। पिंटू के मुताबिक, सिद्धार्थ ने मोबाइल पर ही उसका इंटरव्यू लिया। इसके बाद कंपनी के नाम से नियुक्ति पत्र भेज दिया गया। नियुक्ति पत्र में तीन कोर्स करने का उल्लेख था। कुछ समय बाद सिद्धार्थ ने कॉल कर तीनों कोर्स के सर्टिफिकेट के लिए 70 हजार रुपए जमा करने को कहा। पिंटू ने बताए गए खाते में 70 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसे एनरोलमेंट नंबर दिया गया। कंपनी की ई-मेल आईडी से भी एक मेल आया, जिसमें तीन कोर्स करने की जानकारी दी गई।

कुछ समय बाद पिंटू को बताया गया कि तीनों कोर्स का खर्च करीब डेढ़ लाख रुपए होगा। इसके लिए उसे एक बैंक अकाउंट नंबर दिया गया, जिसमें उसने डेढ़ लाख रुपए ऑनलाइन जमा कर दिए। इसके बाद उसका ऑनलाइन एग्जाम कराया गया और एनरोलमेंट नंबर भी दिया गया। बाद में कंपनी की ओर से एक और ई-मेल भेजा गया। इसमें एक अन्य कोर्स के लिए 53 हजार रुपए और जमा करने को कहा गया। पिंटू ने दूसरे बैंक अकाउंट से यह रकम भी ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। रकम जमा करने के बाद भी पिंटू को नौकरी जॉइन करने को लेकर कोई कन्फर्मेशन नहीं मिला। उसने कंपनी के मोबाइल नंबर और ई-मेल के जरिए संपर्क किया तो उसे कहा गया कि कोर्स और नौकरी नहीं मिलने पर उसके रुपए वापस कर दिए जाएंगे।

### सर्वश्रेष्ठ 3 पंडालों को मिलेगा सम्मान, 14 से 23 सितंबर तक चलेगा अभियान

# इंदौर में ग्रीन गणेश उत्सव-2026 की तैयारी तेज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

गणेशोत्सव को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए इंदौर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस वर्ष ग्रीन गणेश उत्सव-2026 का आयोजन 14 से 23 सितंबर तक किया जाएगा। अभियान के तहत गणेश पंडालों को जीरो वेस्ट, पर्यावरण-अनुकूल और 3 आर यानी रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल की अवधारणा पर तैयार करने पर जोर रहेगा।

इसी सिलसिले में अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने मंगलवार को सिटी बस ऑफिस में शहर की गणेश उत्सव समितियों और पंडाल आयोजकों के साथ चर्चा की। निगम अधिकारियों ने अभियान की गाइड लाइन और पंडालों में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।



अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने कहा कि इंदौर स्वच्छता में सिरमौर बनने के साथ ही लोगों की सहभागिता के क्षेत्र में भी देश के लिए उदाहरण है। इसी सहभागिता को गणेशोत्सव से जोड़ते हुए इस वर्ष गणेश पंडालों को 3 आर की अवधारणा पर तैयार करने तथा पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रीन गणेश उत्सव-2026 के अंतर्गत गणेश समितियों एवं पंडाल आयोजकों को पंडालों को जीरो वेस्ट बनाने, मिट्टी की गणेश प्रतिमा स्थापित करने तथा पंडाल की सजावट एवं अन्य व्यवस्थाओं में 3 आर एवं पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पंडाल परिसर में गीले-सूखे कचरे के साथ पूजा सामग्री एवं फल-फूल आदि के पृथक्करण के लिए अनिवार्य रूप से डस्टबिन की व्यवस्था की जाए। प्रसाद एवं भंडारे के दौरान भी कचरे का स्त्रोत पर ही सेग्रीगेशन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही गणेश विसर्जन के दौरान जुलूस मार्ग की स्वच्छता बनाए रखने तथा मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का निगम ने निर्धारित स्थान पर ही विसर्जन करने पर विशेष जोर दिया गया।

## इटली की मशीन करेगी कचरे का खात्मा:20 घंटे में 1200 टन होगा नष्ट

**ग्वालियर ।** शहर में रोज निकलने वाले कचरे और केदारपुर लैंडफिल साइट पर जमा 15 लाख टन पुराने कचरे से निपटने के लिए निगम ने नया प्लान तैयार किया है। इटली से लाई गई डिस्क स्क्रीन मशीन से कचरे की छंटाई और प्रोसेसिंग की जाएगी। मशीन एक घंटे में 60 टन कचरा प्रोसेस कर सकेगी। दो पालियों में 20 घंटे चलेगी 1200 टन कचरे की छंटाई और प्रोसेसिंग की जाएगी। 4 घंटे मेंटेनेंस होगा। ग्वालियर में रोज औसतन 550 टन कचरा केदारपुर पहुंचता है।100 टन कचरा रोज उठने से रह जाता है। त्योहारों में कचरा 100 से 150 टन तक और बढ़ जाता है। निगम का कहना है कि मशीन शुरू होने के बाद रोज आने वाले कचरे के साथ त्योहारों में बढ़ने वाले कचरे को भी समय पर प्रोसेस किया जा सकेगा। बता दें कि मशीन ग्वालियर पहुंच चुकी है, लेकिन अभी इससे कचरा प्रोसेसिंग शुरू नहीं हुई है। मशीन लगाने के लिए शेड के अंदर सिविल वर्क कराया जा रहा है। निगम ने इसके लिए करीब 1 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया है। अपर आयुक्त ननि टी प्रतीक राव ने कहा कि इटली से आई मशीन से कचरा निष्पादन का काम इस महीने के अंत तक चालू हो जाएगा।

## सीलिंग विवाद में हाई कोर्ट में दूसरे दिन भी सुनवाई, व्यापारी बोले- यह गलत

**भोपाल।** भोपाल में नगर निगम की सीलिंग कार्रवाई के खिलाफ दायर 106 याचिकाओं में से करीब 50 पर मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने निगम को निर्देश दिए कि संपत्ति मालिकों के जवाब और दस्तावेजों पर विधिवत विचार कर हर मामले में कारण स्पष्ट करते हुए विस्तृत आदेश जारी करें। सीलिंग के खिलाफ याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता कपिल दुग्गल ने 10 नंबर मार्केट, ई-4 सहित अन्य क्षेत्रों के मामलों में पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि कई प्रतिष्ठान मास्टर प्लान-2005 के तहत रिटेल गतिविधियों के लिए अनुमति हैं। निगम के नोटिसों पर सवाल उठाते हुए कहा-नियम उल्लंघन स्पष्ट नहीं किया गया। निगम ने कोर्ट को बताया कि कार्रवाई से पहले भवनों की बिल्डिंग परमिशन की जांची। फिर पक्ष सुना गया। इसके बाद सीलिंग किए गए।

## लंपी का अटैक... डॉक्टर गौशाला पहुंचे और इलाज शुरू, 48 घंटे में 18 मरीं

**ग्वालियर।** रतवाई की वृंदावन आइसोलेशन गौशाला में लंपी से गायों की मौत का सिलसिला नहीं थम रहा। सोमवार को 15 गायों की मौत के बाद मंगलवार को 3 और गायों ने दम तोड़ दिया। यानी 48 घंटे में 18 गायों की मौत हो चुकी है। मंगलवार दोपहर तक गौशाला में लंपी से पीड़ित 35 गोवंश थे। 5 की हालत गंभीर है। मंगलवार सुबह पशुपालन विभाग के डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ गौशाला पहुंचे। सभी 35 बीमार गोवंश की जांच कर दवाएं और एंटीबायोटिक्स दिए गए। दोपहर में अतिरिक्त दवाएं भी पहुंचाकर गौशाला संचालक गोपालदास महाराज उर्फ सोनू बाबा को सौंपी गईं। संक्रमण से बचाने स्वस्थ गायों को लाल टिपारा भेजा गौशाला के रास्ते और अंदर महीनों से जमा कीचड़ हटवाया गया। रतवाई गौशाला से स्वस्थ गायों को संक्रमण से बचाने के लिए लाल टिपारा गौशाला शिफ्ट करना शुरू कर दिया गया है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. दिलीप गुप्ता ने बताया कि डॉक्टरों और एबीएफओ की ड्यूटी लगा दी है। दवाएं भी गौशाला में रखवा दी हैं। मॉनिटरिंग मैं कर हा हूं।

## मध्य प्रदेश में फायर एक्ट लागू, झूठी सूचना पर जुर्माना और लापरवाही पर जेल

**भोपाल।** राज्य सरकार ने प्रदेशभर में अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं को आधुनिक बनाने तथा आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए नया फायर एक्ट लागू कर दिया है। इस नए अधिनियम के तहत जहां एक ओर दमकल विभाग के कर्मचारियों की जवाबदेही तय की गई है, वहीं आम नागरिकों, व्यावसायिक परिसरों, बहुमंजिला इमारतों और फर्जी कॉल करने वालों के खिलाफ कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। प्रॉपर्टी टैक्स के साथ जुड़ेगा फायर टैक्स स्थानीय निकायों (नगर निगम, नगरपालिका और नगर परिषद) को संपत्ति कर के साथ सरचार्ज के रूप में फायर टैक्स वसूलने का कानूनी अधिकार दे दिया गया है। इस टैक्स की दरें राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की जाएंगी, जिसका उपयोग दमकल सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और 10 मिनट के भीतर रि स्पॉन्स टाइम सुनिश्चित करने में किया जाएगा।

## स्वाइन फ्लू के 3 केस, इस साल 7 मरीज, 2024 में 6 थे

**ग्वालियर।** अंचल में स्वाइन फ्लू तेजी से पैर पसार रहा है। मंगलवार को एक ही दिन में 3 नए मरीज मिले। एक मरीज की पुष्टि जीआरएमसी की वायरोलॉजी लैब और दो की निजी लैब में हुई है। इस साल अब तक सात मरीज मिल चुके हैं। 2024 में 6 मरीज मिले थे। 2025 में स्वाइन फ्लू का एक भी मरीज नहीं मिला था। जीआरएमसी की वायरोलॉजी लैब में मंगलवार को 5 संदिग्ध मरीजों के सैंपल जांचे गए। 40 वर्षीय महिला पॉजिटिव मिली। दो निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों की जांच कराई गई। रिपोर्ट पॉजिटिव आई। अब तक मिले 7 मरीजों में से दो ठीक होकर घर जा चुके है। 5 साल के बच्चे सहित 2 को डेंगू, अब तक 81 केस जीआरएमसी के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू के 24 संदिग्ध मरीजों की जांच में 5 साल के बच्चे सहित 2 पॉजिटिव मिले। शहर में इस साल अब तक 81 मरीज मिल चुके हैं। पिछले साल इसी तारीख तक यह संख्या 110 थी। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विनोद दोनेरिया के मुताबिक बुधवार को मरीजों के घर और आसपास एंटी लार्वा अभियान चलाया जाएगा।

## कांग्रेस विधायक बोले-सुंदर महिला की डेडबॉडी से होता है रेप

**रीवा।** मध्यप्रदेश के रीवा में कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने संजय गांधी अस्पताल को लेकर बेहद गंभीर आरोप लगाया है। मंगलवार को जयस्तंभ चौराहे पर कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि अगर किसी सुंदर महिला की डेड बॉडी पोस्टमॉर्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल लाई जाती है तो उसके साथ रेप होता है। विधायक ने पोस्टमॉर्टम के नाम पर मृतकों के परिजनों से रुपए वसूले जाने का आरोप भी लगाया। हालांकि, विधायक के इस गंभीर आरोप की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के दौरान ऐसी किसी घटना की पुष्टि करने वाला कोई आधिकारिक तथ्य भी सामने नहीं आया है।

# मध्यप्रदेश में मानसून का ब्रेक...3 दिन भारी बारिश नहीं

### 11 सितंबर से नया सिस्टम, फिर दिखेगा असर; अब तक 31.2 इंच पानी गिरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में मानसून ने एक फिर 3 दिन का ब्रेक लिया है। मौसम केंद्र भोपाल ने 11 सितंबर तक प्रदेश में कहीं भी अति भारी या भारी बारिश का अनुमान नहीं जताया है। इसी दिन पश्चिम-मध्य और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया (कम दवाब का क्षेत्र) एक्टिव होगा। जिसका अगले दिन यानी, 12 सितंबर से असर दिखना शुरू होगा।

फिलहाल प्रदेश में 9, 10 और 11 सितंबर तक कहीं-कहीं हल्की बारिश का दौर रहेगा। लोकल सिस्टम सक्रिय रहा और पर्याप्त नमी मिली तो कुछ जिलों में तेज बारिश भी हो सकती है। इससे पहले मंगलवार को मौसम विभाग की नई सैटेलाइट तस्वीरों में मध्य प्रदेश के अधिकांश हिस्से से बादल गायब मिले।

भोपाल समेत कई जिलों में तेज धूप खिली रही। श्योपुर, उज्जैन, इंदौर, धार, खरगोन, बड़वानी में जरूर हल्की बारिश-बादल वाला मौसम रहा। 12 सितंबर को भारी बारिश का अलर्ट मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि फिलहाल प्रदेश में सिस्टम सक्रिय नहीं है। इस वजह से तेज बारिश का अनुमान नहीं है। 12 सितंबर को छतरपुर, पन्ना, दमोह और कटनी में भारी बारिश का अनुमान है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में 1% तक कम बारिश हुई है। बालाघाट, छिंदवाड़ा, डिंडौरी, दमोह, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, मंडला, रीवा, सागर, सिवनी में 4% से 24% तक कम बारिश हुई है। पिछले एक सप्ताह में यह आंकड़ा काफी सुधरा है। बीते एक सप्ताह से यहां के कई जिलों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। इससे आंकड़े में सुधार आया और सीजन में पहली बार पूर्वी हिस्सा आंकड़ों में बेहतर रहा है। सोमवार तक आंकड़ा एक प्रतिशत ज्यादा रहा। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, मंदसौर, मुरैना, नर्मदापुरम, नीमच, बड़वानी, खंडवा, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन और विदिशा में औसत से 7% से 55% कम पानी गिरा है।

### दिव्यांग बच्चों का दर्द आया सामने;

# हमारी बात कौन समझेगा, हमें कौन पढ़ाएगा?

### 90 बच्चों पर सिर्फ 3 शिक्षक शिक्षक, साइन लैंग्वेज भी नहीं समझते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



जिस स्कूल में दिव्यांग बच्चों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी है, वहां बच्चे ही अपनी पढ़ाई और बुनियादी सुविधाओं के लिए आवाज उठाने को मजबूर हैं। शासकीय दृष्टि बाधित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने स्कूल की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बच्चों का आरोप है कि स्कूल में पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं, नियमित कक्षाएं नहीं लगतीं और कई बार शिक्षक पढ़ाने के बजाय मोबाइल चलाते रहते हैं। स्थिति यह है कि पहली से 12वीं तक की पढ़ाई वाले इस स्कूल में करीब 190 विद्यार्थी हैं, जबकि शिक्षक महज तीन हैं।

सबसे गंभीर स्थिति श्रवण बाधित विद्यार्थियों की है। बच्चों का कहना है कि शिक्षकों को साइन लैंग्वेज तक नहीं आती। स्कूल में उनकी बात समझने के लिए इंटरप्रेटर भी नहीं है। ऐसे में सवाल यह है कि जो बच्चा सुन और बोल नहीं सकता, वह अपनी शिकायत आखिर किसे बताए और शिक्षक उसे पढ़ाएंगे कैसे? बता दें कि यह स्कूल सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण भोपाल द्वारा संचालित किया जाता हैं। अपनी मांगों को लेकर बच्चों ने सोमवार को प्रदर्शन भी किया।

विद्यार्थियों ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि वे वर्षों से स्कूल में पढ़ रहे हैं, लेकिन पढ़ाई की स्थिति बेहद खराब है। एक विद्यार्थी अंश राजपूत ने बताया कि वह 2018 से स्कूल में पढ़ रहा है, लेकिन 2026 तक उसे गणित और अंग्रेजी की बुनियादी जानकारी तक नहीं हो पाई। बच्चों का कहना है कि वे बार-बार शिक्षकों से कक्षाएं लेने की बात कहते हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं होती। विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि 10वीं और 12वीं में बड़ी संख्या में बच्चे फेल होने के बाद जिम्मेदारी अभिभावकों और बच्चों पर डाल दी जाती है।

#### एक कमरे में दो-दो, तीन-तीन कक्षाएं

प्राचार्य ने खुद माना कि स्कूल में कमरों की कमी है और कई बार एक कमरे में दो से तीन कक्षाएं लगानी पड़ती हैं। यानी एक तरफ शिक्षक कम हैं और दूसरी तरफ कक्षाओं के लिए कमरे भी पर्याप्त नहीं हैं। स्कूल में कंप्यूटर, ड्राइंग और सिलाई जैसे प्रशिक्षणों के लिए प्रशिक्षकों की जरूरत भी बताई गई है। प्रबंधन के अनुसार इसके लिए शासन से अनुमति की आवश्यकता है।

**टीचर फोन चलाते हैं, पढ़ाते नहीं-** विद्यार्थियों ने शिक्षकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिक्षक कक्षा में मोबाइल फोन चलाते रहते हैं और पढ़ाई नहीं कराते। एक छात्रा ने आरोप लगाया कि शिक्षक फोन पर स्क्रॉल करते रहते हैं।

#### शिक्षक तीन, कक्षाएं पहली से 12वीं तक

स्कूल प्रबंधन के अनुसार यहां पहली से 12वीं तक कक्षाएं संचालित होती हैं। दृष्टि बाधित और श्रवण बाधित विद्यार्थियों को मिलाकर करीब 190 बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल में शिक्षक के पांच पद हैं, इसके अलावा दो व्याख्याता और प्रशिक्षकों के पद भी हैं। लेकिन फिलहाल तीन शिक्षक उपलब्ध हैं। प्राचार्य मोहम्मद इरफान ने बताया कि छत्तीसगढ़ से प्रतिनियुक्ति पर आए तीन शिक्षकों को वहां की सरकार ने वापस बुला लिया था। इसके बाद शिक्षकों की कमी हुई। उन्होंने बताया कि रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि शिक्षक रखने की प्रक्रिया चल रही है और जल्द चार और शिक्षक रखे जाने की उम्मीद है।

## बैंक ऑफ इंडिया के 121वें स्थापना दिवस पर दोहराया विकसित भारत का संकल्प




### 17.50 लाख करोड़ के पार पहुंचा बैंक का ग्लोबल बिजनेस, हुए सामाजिक व ग्राहक सम्मान के आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बैंक ऑफ इंडिया ने 7 सितंबर को अपना 121वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर बैंक ने ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग, तकनीकी नवाचार, वित्तीय समावेशन और 'विकसित भारत' की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उज्जैन सहित देशभर की शाखाओं में आयोजित समारोहों में बैंक कर्मचारियों, ग्राहकों, पूर्व अधिकारियों और पेंशनर्स ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। 7 सितंबर 1906 को मात्र एक शाखा से शुरू हुआ बैंक ऑफ इंडिया आज 37 हजार से अधिक कस्टमर टचपॉइंट्स और 52 हजार से ज्यादा कर्मचारियों के साथ देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में शुमार है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 17.50 लाख करोड़ रुपए का कुल ग्लोबल बिजनेस हासिल किया है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक का वार्षिक शुद्ध लाभ 10 हजार करोड़ रुपए के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर गया है, जो बैंक की मजबूती और सतत विकास को दर्शाता है।

## ब्रज वेशभूषा स्पर्धा में बाल स्वरूपों ने मोहा मन

### श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के आयोजन में 147 बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी की हवेली में श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के तत्वावधान में ब्रज वेशभूषा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में 3 माह से लेकर 12 वर्ष तक के 147 बच्चों ने कृष्ण, गोपी, यमुनाजी और सुदामा आदि की वेशभूषा में सज-धज कर मनमोहक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश पोरवाल मजावदिया तथा विशेष अतिथि आलोक अग्रवाल उपस्थित थे। अध्यक्षता महेश नागर ने की। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि सैकड़ों वैष्णव जनों ने तालियां बजाकर नन्हे-मुन्ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। 0 से 3 वर्ष, 4 से 8 वर्ष एवं 9 से 12 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित इस स्पर्धा के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन के संयोजक विट्ठल नागर, सह संयोजक आनंद पुरोहित, नूपुर नीमा व अमित नागर तथा समन्वयक राजेन्द्र शाह, विशाल नीमा व हेतल शाह थे। आयोजन में अध्यक्ष जयेश श्रॉफ, पारुल शाह, नितिन नीमा, कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन माहेश्वरी, मनीषा नागर, अमर दिसावल, सचिव मनीष नागर, कामिनी शाह, राहुल नागर, कोषाध्यक्ष दीपेश शाह, परेशा नीमा, आभास शर्मा सहित कार्यक्रम संयोजक कृष्ण वल्लभ व्यास, प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ. वर्षा चौरसिया, माधुरी नीमा, पायल नागर, हिमांशु दिसावल और अंकित लोया की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## बनारस की गायिका पायल ने दी प्रस्तुति, 6 घंटे तक चला दादी के जीवन चरित्र का वर्णन

### गूंजा राणी सती दादी का संगीतमय मंगलपाठ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

फतेहपुरिया अग्रवाल पंचायत न्यास और महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में राणी सती दादी का भव्य संगीतमय मंगलपाठ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बनारस से पधारीं गायिका पायल अग्रवाल और उनके साथियों ने अपनी सुमधुर संगीतमयी प्रस्तुति दी।

करीब 6 घंटे तक चले इस मंगलपाठ में दादी के संपूर्ण जीवन चरित्र का वर्णन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद फतेहपुरिया अग्रवाल महिला मंडल की सदस्यों और समाजजनों ने दादी की बारात, दादी को चुनर ओढ़ाने से लेकर उनके वीरगति प्राप्त करने तक के प्रसंगों का श्रवण किया और अंत में महाआरती में भाग लिया। मंगलपाठ के दौरान दादी के दरबार में छप्पन भोग और प्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदीप अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। संस्था के रवि लोहिया, सीताराम अग्रवाल, माणक खेमानी, शरद पसारी और राजू चुरुवाला ने बताया कि महाआरती में सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, अग्रवाल पंचायत न्यास अध्यक्ष निमेश अग्रवाल और विजय अग्रवाल विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में सरोज अग्रवाल, मीना पसारी, नम्रता हरभजनका, आशा भगत, अनिता सुरेका, शैलजा बैराठी, राजकुमारी पसारी, निशा हरभजनका, क्षिप्रा बजाज, पूनम खेमानी और सीमा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अनिता गोयल ने किया।

#### आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में मनाया विश्व फिजियोथेरेपी दिवस

उज्जैन। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज स्थित कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी में 8 सितंबर को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवा, पुनर्वास और रोगियों के जीवन स्तर में सुधार लाने में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वीके महाडिक और प्रिंसिपल डॉ. संजीव झा ने किया। इस विशेष अवसर पर यशोभूमि दिल्ली में प्रस्तावित एशिया वेस्टर्न पेसिफिक 2026 कॉन्फ्रेंस के लिए मशाल प्रज्वलित कर उद्बोधन दिया गया। समारोह में डॉ. एचके मंगल, डॉ. एनके राठौर, डॉ. जीजी पोट्टे और डॉ. पीपी अग्निहोत्री उपस्थित रहे। वहीं वक्ता के रूप में डॉ. सौरभ कर्णावट, डॉ. सौमिन धनेरिया, डॉ. अनुराग आचार्य एवं मनोविकास के सदस्यों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम और प्रबंधन में फिजियोथेरेपी के प्रति जागरूकता पैदा करना था। समारोह में संकाय सदस्यों, फिजियोथेरेपिस्टों, छात्रों और स्वास्थ्य पेशेवरों ने आधुनिक स्वास्थ्य सेवा में पुनर्वास के बढ़ते महत्व पर बल दिया। छात्रों ने जागरूकता गतिविधियों और शैक्षिक प्रस्तुतियों के माध्यम से फिजियोथेरेपी के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया।

### कागजों में कुपोषण मुक्त श्योपुर: पंजीयन का लक्ष्य 166 फीसदी पार

# 50 फीसदी मासूम बिना स्वस्थ हुए सिस्टम से बाहर

### रिकवरी दर गिरकर 56.5 फीसदी, जो बच्चे कुपोषित, उनके नाम आंगनबाड़ी के रिकॉर्ड में ही नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्योपुर

श्योपुर भले ही कागजों में कुपोषण मुक्त दिख रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत चिंताजनक है। मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संजीवनी कोष के आंकड़े बताते हैं कि गंभीर कुपोषण से पीड़ित 50% से 61% बच्चों को बिना ठीक हुए डिस्चार्ज किया जा रहा है।

जून में डिस्चार्ज हुए 1,957 बच्चों में से केवल 57.7% स्वस्थ हुए, जबकि 42.3% को अधूरा इलाज देकर घर भेज दिया गया। जुलाई में भी 1,205 बच्चों में से सिर्फ 56.5% ही ठीक हो सके और 43.5% बिना ठीक हुए बाहर हो गए। कागजों में पंजीयन का लक्ष्य 166% पूरा दिखाया जा रहा है, पर गिरती रिकवरी दर पूरी इलाज व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। एनआरसी में भर्ती ढाई साल के कान्हा के पिता मंगल आदिवासी का कहना है कि बच्चा जन्म से ही कमजोर है, जबकि उसे पिछले माह ही अति कुपोषित की सूची में जोड़ा है। अधिकारी बीमारी की दलील दे रहे हैं, लेकिन बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा है।



रघुनाथपुर के पास 25 परिवारों की सहराना बस्ती में तीन कमजोर बच्चे मिले, जो किसी आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज ही नहीं हैं। भास्कर टीम के वजन करने पर 3 साल के आशिक का वजन केवल 6.9 किग्रा और 4 साल के चेतन का वजन महज 5.35 किग्रा निकला।

#### शर्मनाक आंकड़े

दुबलेपन में मप्र देश में नंबर-1: राज्य में 100 में से 24 बच्चे लंबाई के हिसाब से बहुत दुबले हैं। 5 साल पहले यह आंकड़ा 19 था, यानी सुधार की जगह स्थिति और बिगड़ी है। कम वजन में दूसरे नंबर पर: प्रदेश में 100 में से 39.7% (लगभग 40) बच्चों का वजन उम्र के हिसाब से बहुत कम है। पिछले सर्वेक्षण में यह 33 था।

#### मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने कहा- पदोन्नति में 50 फीसदी से अधिक आरक्षण नहीं दे सकते

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में सरकारी विभागों में पदोन्नति में आरक्षण को लेकर हाई कोर्ट ने बड़ा आदेश जारी किया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि किसी भी विभाग में आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों को 50 प्रतिशत से अधिक प्रमोशन नहीं दिया जा सकता। ऐतिहासिक ह्यइंद्रा साहनीह्न केस में तय आरक्षण सीमा का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि प्रमोशन में 50 प्रतिशत आरक्षण का दायरा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप में पार नहीं होना चाहिए। इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने की सीधी जिम्मेदारी मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को सौंपी है। मुख्य सचिव सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी महकमा इस तय सीमा का उल्लंघन न करे। यह अंतरिम व्यवस्था अंतिम फैसले तक लागू रहेगी। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में आरबी राय और जर्नैल सिंह से जुड़े प्रकरण विचाराधीन हैं। हाई कोर्ट द्वारा 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा तय किए जाने के बाद अब विभागों में प्रमोशन की प्रक्रिया को नए सिरे से संतुलित करना होगा, जबकि अंतिम निर्णय सुप्रीम कोर्ट के बाद हाई कोर्ट को लेना होगा।

## आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत की ओर' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली और अवंतिका विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत की ओर' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार 9 सितंबर को होगा। अवंतिका विश्वविद्यालय परिसर में सुबह 9.30 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में देशभर के शिक्षाविद्, विषय विशेषज्ञ और शोधार्थी मंथन करेंगे। न्यास के क्षेत्र संयोजक प्रचार-प्रसार डॉ. जफर महमूद ने बताया कि शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलगुरु प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज उपस्थित रहेंगे। सत्र की अध्यक्षता अवंतिका विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. नितिन राणे और न्यास के राष्ट्रीय सह संयोजक ओम प्रकाश शर्मा करेंगे। दो दिवसीय कार्यशाला में भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और विकसित भारत की दिशा में देश के बढ़ते कदम व आगामी क्रियान्वयन पर गहन विचार-विमर्श होगा। तकनीकी सत्र की शुरूआत एसजीटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम स्थित रामानुजन अनुसंधान केंद्र की निदेशक प्रो. अनीता शर्मा के संबोधन से होगी। आयोजन के तहत विशेष रूप से युवा संवाद कार्यक्रम भी होगा।

# अक्षय कुमार ने चुराया था हुमा कुरैशी का फोन

## अभिनेताओं को भेजे थे शादी के प्रपोजल वाले मैसेज, आई लव यू भी लिखा था




### एक नजर अक्षय कुमार के करियर पर

अक्षय कुमार ने 1991 में फिल्म “सौगंध” से बतौर लीड एक्टर बॉलीवुड में डेब्यू किया था। 1992 में आई फिल्म “खिलाड़ी” ने उन्हें एक्शन स्टार के तौर पर पहचान दिलाई और यहीं से उन्हें “खिलाड़ी कुमार” के नाम से जाना जाने लगा।

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार आज 59 साल के हो गए हैं। अक्षय ने करीब तीन दशक से ज्यादा लंबे करियर में एक्शन, कॉमेडी, रोमांस और सोशल ड्रामा जैसी कई तरह की फिल्मों में काम किया है। फिल्मों में अपने अलग-अलग किरदारों के लिए पहचाने जाने वाले अक्षय अपने को-स्टार्स के साथ मजाक-मस्ती और प्रैंक करने के लिए भी मशहूर हैं। ऐसा ही एक मजेदार किस्सा एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने अक्षय के साथ काम करने के दौरान सुनाया था।



अक्षय कुमार और हुमा कुरैशी ने 2017 में आई फिल्म “जॉली एलएलबी 2” में साथ काम किया था। फिल्म के प्रमोशन के दौरान दोनों “द कपिल शर्मा शो” में पहुंचे थे। इसी दौरान हुमा ने अक्षय की एक शरारत का खुलासा किया था। हुमा ने बताया था कि अक्षय ने एक बार उनका फोन चुरा लिया था। इसके बाद उन्होंने फोन का इस्तेमाल करते हुए बॉलीवुड के 2-3 अभिनेताओं को मैं तुमसे शादी करना चाहती हूं, आई लव यू जैसे मैसेज भेज दिए थे।

### रितेश के फोन से विद्या को भेजा था आई लव यू

अक्षय की ऐसी ही एक और शरारत का किस्सा रितेश देशमुख ने “द कपिल शर्मा शो” में सुनाया था। यह घटना फिल्म हे बेबी की शूटिंग के दौरान की है। रितेश के मुताबिक, अक्षय ने उनका फोन अपने पास रख लिया था। इसके बाद उन्होंने रितेश के फोन से विद्या बालन को आई लव यू मैसेज भेज दिया। रितेश को जब इस मैसेज के बारे में पता चला तो वह हैरान रह गए। मजेदार बात यह थी कि विद्या बालन ने भी उस मैसेज का जवाब दिया और किस वाला स्माइली भेजा। बाद में रितेश को पता चला कि यह पूरा मामला अक्षय कुमार की शरारत थी। उस वक्त विद्या का फोन भी अक्षय के पास था और उन्होंने ही रितेश के फोन से मैसेज भेजकर यह प्रैंक किया था।

# राजपाल को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, 5 करोड़ रुपए जमा करने को कहा



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक्टर राजपाल यादव को निर्देश दिया कि चेक बाउंस मामले में सरेंडर से छूट पाने की शर्त के तौर पर वे बुधवार तक कोर्ट की रजिस्ट्री में 5 करोड़ रुपए जमा करें। यह मामला फिल्म प्रोड्यूसर-फाइनेंसर मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है।

कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के 10 जुलाई के फैसले को चुनौती देने वाली यादव की याचिका पर सशर्त नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट ने नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत सात मामलों में उनकी दोषसिद्धि और तीन महीने की सजा बरकरार रखी थी। मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी।

चीफ जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने यादव की याचिका पर मौखिक रूप से सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें सजा काटने के लिए सरेंडर करने का निर्देश दिया था, जिसकी अंतिम तारीख 10 सितंबर थी। यह मामला मुरली प्रोजेक्ट्स की ओर से यादव, उनकी पत्नी राधा राजपाल यादव और उनकी फिल्म प्रोडक्शन कंपनी के खिलाफ दायर सात शिकायतों से जुड़ा है। ये शिकायतें फिल्म “अता पता लापता” के लिए जारी सात चेक बाउंस होने के बाद दर्ज की गई थीं। मामले के रिकॉर्ड के मुताबिक, मुरली प्रोजेक्ट्स ने 2010 में फिल्म पूरी करने के लिए 5 करोड़ रुपए दिए थे। फिल्म की रिलीज में देरी के बाद पक्षों के बीच कई समझौते हुए और अलग-अलग चरणों में रकम की वापसी की राशि में बदलाव किया गया।

# तिग्मांशु धूलिया ने धुरंधर की कहानी पर सवाल उठाए

निर्देशक और अभिनेता तिग्मांशु धूलिया ने मौजूदा हिंदी सिनेमा में कहानी कहने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट कल्चर और एक जैसे फिल्मी टेम्पलेट के कारण फिल्मों में मौलिक कहानियां कम होती जा रही हैं। धूलिया ने यह टिप्पणी हाल ही में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित राजेंद्र माथुर मेमोरियल लेक्चर के दौरान की। कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित हुआ था।

धूलिया ने कमर्शियल मेनस्ट्रीम सिनेमा का उदाहरण देते हुए पुष्पा, केजीएफ और धुरंधर का जिक्र किया। उन्होंने कहा, हर फिल्म एक फिक्शनल बायोपिक है। धुरंधर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी से फिल्म की कहानी पूछी जाए तो शायद वह उसे ठीक से बता नहीं पाएगा।

उन्होंने कहा, मैंने वह फिल्म देखी है। मुझे फिल्म का पहला पार्ट काफी पसंद आया। बहुत अच्छी तरह प्रेजेंट किया गया है, काफी एंगेजिंग है और म्यूजिक भी अच्छा है, लेकिन आप उसकी कहानी पूछिएगा तो आप कहानी बता नहीं पाएंगे। धूलिया ने फिल्म की कहानी को अपने अंदाज में समझाते हुए कहा, एक आदमी है, अंडरकवर स्पाई है, पाकिस्तान जाता है और वहां तबाही मचा देता है। ये कोई कहानी हुई? उन्होंने आगे कहा कि फिल्मों में कहानी कहने वाले लोग कम हो गए हैं और जो लोग अलग तरह की कहानी कहना चाहते हैं, उन्हें बनाने का मौका नहीं मिलता। उनके मुताबिक मेकर्स को डर रहता है कि ऐसी फिल्में चलेंगी नहीं।



# तृषा के सपोर्ट में आई कंगना, बोलीं- रिश्ते दोनों पक्षों के होते हैं

एक्टर और बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने तमिल एक्ट्रेस तृषा कृष्णन का समर्थन करते हुए कहा कि रिश्ते दोनों पक्षों के बीच हों, फिर भी गाली और चरित्र पर सवाल हमेशा महिला पर उठाए जाते हैं। हालांकि, कंगना ने तृषा का नाम नहीं लिया।

कंगना ने यह बात तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय से जुड़ी लिंक-अप अफवाहों और तृषा पर की गई टिप्पणियों के विवाद के बीच कही। कल ही विजय ने महिलाओं पर डबल मीनिंग वाले कमेंट्स करने वालों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। कंगना ने कुल्लू में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, आपने तमिलनाडु में जो हुआ, वह देखा है। वहां एक बहुत सम्मानित कलाकार और एक्ट्रेस और जो भी उनके संबंध हैं, जिस तरह भी वो दोनों ही पक्ष के होते हैं, लेकिन गाली-गलौज के लिए और चरित्र हनन के लिए हमेशा महिला को ही टारगेट किया जाता है। महिलाओं की कैरेक्टर लिंचिंग कब रुकेगी?


उन्होंने आगे कहा कि कामकाजी और सफल महिलाओं को बदनाम करने का यह तरीका सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। कंगना के मुताबिक, दुनियाभर में कामकाजी महिलाओं, सफल महिलाओं, एक्ट्रेस, राजनेताओं और सत्ता व अधिकार वाले पदों पर बैठी महिलाओं के चरित्र को निशाना बनाकर उन्हें नीचे गिराने की कोशिश की जाती है।

## नोरा फतेही पर एविएशन कंपनी का मानहानि केस



एक एविएशन कंपनी ने बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही के खिलाफ 3 करोड़ का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। कंपनी ने उनके अपमानजनक और गैर-जिम्मेदाराना कमेंट्स से साख को नुकसान पहुंचने का दावा किया है। ड्यून्स एविएशन ने यह केस गांधीनगर कोर्ट में दायर किया है। कंपनी के मुताबिक, नोरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर चार्टर्ड प्लेन का वीडियो शेयर कर उसे छोटा, टॉय और लेगो एयरप्लेन कहा था। कंपनी ने नोरा से सार्वजनिक सफाई मांगने के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से विमान से जुड़े सभी बयान और कंटेंट हटाने की मांग भी की है। सीनियर सिविल जज आर. अग्रवाल की अदालत इस मामले की सुनवाई 25 सितंबर को करेगी।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ




## जोक्स


पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो पढ़ाई के पीछे भागो... नींद झक मार के आएगी।



टीचर - भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!



## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. कृष्ण का एक नाम-4,3
6. धन, संपत्ति-2
7. इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8. विजय, फतह-2
10. आम जनता, लोग-2
11. लाभ, कुल योग-2
13. निर्माण, कृति-3
14. उत्तर-3
15. नष्ट, विनाश-2
17. रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18. तह, अस्तर-2
20. राजी होना-3
21. अवरोध, रुकावट-2
22. आतंक फैलना-4,3

**ऊपर से नीचे**

2. भिड़ंत, मुठभेड़-3
3. इस्लामी महीना-4
4. हाथी, गज-4
5. न्यायाधीश-2
6. जोरदार-5
9. लालसी, आकांक्षी, पिपासु-5
10. स्त्रीत्वपूर्ण, स्त्रीय-3
12. वृतांत, घटना-3
16. हल, निष्कर्ष-4
17. राशन, भोजन-4
19. घोड़ा गाड़ी-2
21. रुकावट, अवरोध-3



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | | 15 | | 10 | | 41 | = | 19 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 10 | | 39 | | 40 | = | 24 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 1 | | 25 | | 50 | | 45 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 26 | | 30 | | 5 | = | 21 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 20 | | 26 | | 69 | | 50 | = | |

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में उन 10 देशों के नाम ढूंढिए जिन्होंने यूरो कप-2004 में भाग लिया था. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

---------------

पुर्तगाल, हालैंड, यूनान, स्वीडन, डेनमार्क, इंग्लैंड, जर्मनी, बुल्गारिया, लाटविया, स्विटजरलैंड

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 1 | | | 5 |
| 3 | 29 | 6 | 37 | 2 | 31 | 1 |
| | 2 | | 7 | 5 | | |
| 5 | 30 | | 30 | | 31 | 6 |
| | | 5 | 4 | | 3 | |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| 6 | | | 5 | 7 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | - | 55 | + | 35 | - | 20 | = | 15 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 5 | x | 20 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 23 | - | 3 | + | 55 | - | 15 | = | 60 |
| - | ■ | - | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 20 | + | 30 | - | 45 | + | 20 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 7 | + | 8 | - | 10 | + | 5 | = | |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 35 | 6 | 30 | 1 | 32 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 26 | 2 | 34 | 4 | 31 | 5 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 29 | 4 | 40 | 5 | 34 | 6 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु नवताल- मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन ब्रीक्स समिट के लिए भारत आएंगे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ब्रीक्स समिट में शामिल होने के लिए भारत आएंगे। नई दिल्ली में 12 सितंबर को ब्रीक्स नेताओं की बैठक से पहले 11 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन के बीच द्विपक्षीय मुलाकात होगी। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मोदी और पुतिन की मुलाकात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि रूस भारत को अपना रणनीतिक साझेदार मानता है और दोनों देशों के रिश्ते उसके लिए बेहद अहम हैं।

पेस्कोव के मुताबिक, मोदी और पुतिन की बातचीत में व्यापार, आर्थिक सहयोग, परिवहन और दोनों देशों के बीच कारोबार बढ़ाने जैसे मुद्दे शामिल होंगे। दोनों देश अपनी कंपनियों के लिए नए कारोबारी मौके तलाशने पर भी चर्चा कर सकते हैं।

मोदी और पुतिन की बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध भी चर्चा का अहम मुद्दा हो सकता है। दोनों नेता युद्ध की मौजूदा स्थिति और उसके वैश्विक असर पर बातचीत कर सकते हैं। इसके अलावा फारस की खाड़ी में जारी तनाव पर भी चर्चा की संभावना है। रूस के मुताबिक, खाड़ी में हो रही घटनाओं का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। ऐसे में दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय तनाव और उसके आर्थिक प्रभावों पर भी बात हो सकती है। बैठक में रक्षा सहयोग भी अहम मुद्दा रहेगा। रूस भारत को अपना एसयू-57 लड़ाकू विमान बेचने पर चर्चा करेगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा है कि भारत को एसयू-57 देने का मुद्दा रूस के एजेंडे में शामिल है। एसयू-57 रूस का पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है। इसमें स्टील्थ तकनीक है, यानी इसे रडार पर पकड़ना मुश्किल होता है। यह हवा में और जमीन पर मौजूद लक्ष्यों पर हमला कर सकता है। इसमें आधुनिक रडार और सेंसर भी लगे हैं। भारत और रूस पहले से ब्रह्मोस मिसाइल समेत कई रक्षा परियोजनाओं पर साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में एसयू-57 पर बातचीत दोनों देशों के रक्षा संबंधों को और मजबूत कर सकती है।

### पुतिन पिछले साल दिसंबर में भारत आए थे

पुतिन की यह 9 महीने में दूसरी भारत यात्रा है। इससे पहले वे 4 दिसंबर 2025 को आए थे। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा था। पुतिन के दिल्ली पहुंचने पर पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेता एक ही कार से ढट आवास पहुंचे, जहां मोदी ने उनके सम्मान में प्राइवेट डिनर रखा था। मोदी ने पुतिन को रूसी भाषा में लिखी भगवद्गीता भी गिफ्ट की थी। अगले दिन दोनों नेताओं के बीच वार्षिक शिखर बैठक हुई थी, जिसमें रक्षा, ऊर्जा, व्यापार और आर्थिक सहयोग पर चर्चा हुई थी।

## फ्रांस- हिंदू संगठन के दौरे के बाद एफिल टावर बंद, महिला कर्मचारियों को काम से हटाने का आरोप

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में मशहूर एफिल टावर सोमवार को कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बंद रहा। मामला शनिवार को हिंदू संगठन बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के करीब 100 सदस्यों के दौरे से जुड़ा है। आरोप है कि बीएपीएस प्रतिनिधिमंडल के आने से पहले कुछ महिला कर्मचारियों को अपनी जगह से हटने के लिए कहा गया, ताकि वहां पुरुष कर्मचारियों को तैनात किया जा सके। इस घटना से महिला कर्मचारी आहत हुईं। उन्हें यह अपमानजनक लगा। मामला बढ़ने के बाद सोमवार को कर्मचारियों ने बैठक की और मैनेजमेंट से बातचीत की। बात न बनने पर कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। इसके चलते एफिल टावर को बंद रखना पड़ा। बाद में एफिल टावर के मैनेजमेंट ने भी माना कि उसे ऐसा अनुरोध मानना ही नहीं चाहिए था। इअढर ने कहा कि करीब 100 लोगों के एफिल टावर दौरे की योजना संगठन और टावर के मैनेजमेंट ने मिलकर बनाई थी। दौरे का समय भी इस तरह तय किया गया था, ताकि दूसरे पर्यटकों को कम से कम परेशानी हो। संगठन के मुताबिक, उसकी जानकारी में किसी को भी एफिल टावर में प्रवेश करने से नहीं रोका गया। हालांकि, अगर इस घटना से किसी को दुख या परेशानी हुई है तो बीएपीएस इसके लिए माफी मांगता है।

## ब्रिटेन के किले पर पाकिस्तान का झंडा फहराने पर विवाद

**लंदन।** ब्रिटेन के वेल्स में कार्डिफ कैसल (किले) पर पाकिस्तान का झंडा फहराने को लेकर विवाद हो गया है। दक्षिणपंथी रिफॉर्म वङ पार्टी ने इसका विरोध किया है। रिपोर्ट के मुताबिक रिफॉर्म के सीनियर नेता रॉबर्ट जेनरिक ने सोशल मीडिया पर कार्डिफ कैसल पर पाकिस्तानी झंडा फहराए जाने का वीडियो शेयर किया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक इमारतों पर विदेशी झंडे फहराया जाना बंद होना चाहिए। कार्डिफ काउंसिल के लेबर नेता क्रिस वीवर ने कहा कि 14 अगस्त को पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराने का मकसद कार्डिफ में रहने वाले पाकिस्तानी समुदाय के योगदान को सम्मान देना था। क्रिस वीवर ने बताया कि 15 अगस्त को भारत के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय झंडा भी फहराया गया था। काउंसिल के मुताबिक 9 अगस्त को भी एक कार्यक्रम में पाकिस्तानी झंडा फहराया गया था और वह रातभर लगा रहा। वेल्श कंजरवेटिव सांसद नताशा असगर ने रिफॉर्म के विरोध की आलोचना करते हुए कहा कि वह पाकिस्तानी, भारतीय और पोलिश समुदायों के झंडा फहराने के कार्यक्रमों में शामिल हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम किसी समुदाय का कब्जा नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति सम्मान दिखाने का तरीका हैं।

## सऊदी के 4 शहरों पर हूती विद्रोहियों का हमला, 73 घायल

**यमन।** यमन में हूतियों और सऊदी अरब के बीच तनाव फिर बढ़ गया है। हूतियों विद्रोहियों ने सोमवार को सऊदी के 4 शहरों पर हमला किया। इसमें 73 लोग घायल हुए। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सऊदी में अबहा एयरपोर्ट, किंग खालिद एयरबेस और अरामको की कुछ फैसिलिटी पर भी हमले की खबर है। इन हमलों से कुछ घंटे पहले हूती विद्रोहियों ने आरोप लगाया था कि सऊदी अरब ने अल-हज्म शहर में एक जेल पर हमला किया था। इस हमले में 11 लोग मारे गए। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। वह अपनी मां के साथ अपने पिता से मिलने आया था। जेल के वार्डन के मुताबिक, मलबे में एक महिला समेत 35 कैदी अभी भी फंसे हुए हैं। सऊदी नेतृत्व वाले यमन गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने मंगलवार को कहा कि हूतियों ने सऊदी अरब में नागरिक और आर्थिक ठिकानों पर हमले किए। उन्होंने कहा कि ये हमले सऊदी की संप्रभुता के खिलाफ हैं और आम लोगों के लिए खतरा हैं। अल-मलिकी ने कहा कि गठबंधन इन हमलों का जवाब देगा और खतरे को रोकने के लिए जरूरी सैन्य कार्रवाई करेगा। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि हूतियों ने ये हमले किस समय किए थे। यमन में 2022 में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से संघर्षविराम हुआ था। इसके बाद बड़े स्तर की लड़ाई काफी कम हो गई थी, लेकिन दोनों पक्षों के बीच कोई स्थायी शांति समझौता नहीं हुआ था। 2026 में हालात फिर बिगड़ने लगे। यमन में हूतियों और सऊदी समर्थित यमनी सेना के बीच हमले बढ़ गए। दरअसल, ईरान अमेरिका के साथ जंग में फंसा हुआ है। ऐसे में यमन सरकार हूतियों के कब्जे वाले इलाकों को वापस लेना चाहती है, जबकि हूती लाल सागर के तटीय इलाकों और बाब अल-मंदेब के आसपास अपनी पकड़ बनाए रखना चाहते हैं।

## रूस में हिमस्खलन, 11 पर्वतारोहियों की मौत, 33 लोगों के ग्रुप पर बर्फ गिरी


**मॉस्को।** रूस के माउंट मिजहिरगी पर रविवार शाम हिमस्खलन होने से 11 पर्वतारोहियों की मौत हो गई। यह पर्वत रूस के उत्तरी काकेशस इलाके में हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, 33 पर्वतारोहियों का एक ग्रुप पहाड़ पर चढ़ाई कर रहा था। तभी अचानक बड़ी मात्रा में बर्फ खिसककर उनके ऊपर आ गिरी। कई लोग बर्फ में दब गए। 10 पर्वतारोही किसी तरह सुरक्षित नीचे उतर आए। वहीं 6 लोग अभी भी लापता हैं। बचाव दल उनकी तलाश में जुटा है। लापता लोगों को खोजने के लिए 50 से ज्यादा बचावकर्मी अभियान में जुटे हैं। पहाड़ी इलाका बेहद कठिन है और वहां दोबारा हिमस्खलन का खतरा बना हुआ है। इस वजह से बचाव दल सावधानी से तलाश कर रहा है। अभियान सोमवार को भी जारी रहा। पहाड़ पर जमा बर्फ की बड़ी परत अचानक टूटकर तेजी से नीचे खिसकने लगे, तो इसे हिमस्खलन कहते हैं। इसके साथ बर्फ के बड़े टुकड़े और पत्थर भी नीचे आ सकते हैं। भारी बर्फबारी, तेज हवा या तापमान में अचानक बदलाव से बर्फ की परतें कमजोर हो सकती हैं। वजन बढ़ने पर ये परतें अचानक टूटकर ढलान से नीचे खिसक जाती हैं।

### कहा था- बहुत खून-खराबा होने वाला है

# रिपोर्ट-यूएई ने हमास हमले की चेतावनी 10 दिन पहले दी

ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव





यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद ने 7 अक्टूबर 2023 के हमास हमले से 10 दिन पहले इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को बड़े हमले की चेतावनी दी थी। इजराइली अखबार हारेत्ज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा था कि इस हमले में बहुत खून-खराबा होगा। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नेतन्याहू ने इस चेतावनी पर शांत तरीके से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इजराइल किसी भी स्थिति के लिए तैयार है।

हालांकि, नेतन्याहू के कार्यालय ने इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया है। PMO ने इसे पूरी तरह झूठ बताया है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, बिन जायद ने कहा था कि हमले से बड़ी संख्या में लोगों की जान जा सकती है और इससे पूरे क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ सकती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रपति बिन जायद ने अब्राहम समझौते पर खतरा होने की बात भी कही थी। बिन जायद की चिंता सिर्फ संभावित हमले को लेकर नहीं थी। उन्हें डर था कि बड़े हमले से इजराइल और अरब देशों के बीच बने रिश्तों को भी नुकसान पहुंच सकता है। खासकर 2020 के अब्राहम अकॉर्ड के बाद वअए और इजराइल के रिश्ते सामान्य हुए थे। ऐसे में नई हिंसा इस प्रक्रिया को झटका दे सकती थी।

अब्राहम अकॉर्ड 2020 में अमेरिका की पहल पर शुरू हुआ एक समझौता है। इसके तहत इजराइल ने कई अरब और मुस्लिम बहुल देशों के साथ संबंध सामान्य किए थे। हालांकि, नेतन्याहू के कार्यालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने उस वक्त बिन जायद से बात नहीं

### 7 अक्टूबर को हुआ था बड़ा हमला

7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल में बॉर्डर एरिया पर एक म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान हमला किया था। इस हमले में करीब 1200 लोग मारे गए थे, जबकि 251 को बंधक बना लिया गया था। यह हमला इजराइल के लिए दशकों में सबसे गंभीर सुरक्षा घटनाओं में से एक था। इसके बाद इजराइल ने गाजा में हमास के खिलाफ बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया। देखते ही देखते यह संघर्ष पूरे पश्चिम एशिया के लिए बड़े संकट में बदल गया। हमास ने इसे 'अल-अक्सा फ्लड' ऑपरेशन नाम दिया था। इसके जवाब में इजराइल ने कुछ घंटे बाद हमास के खिलाफ 'सोर्ड्स ऑफ आयरन' ऑपरेशन शुरू किया था।

**दावा पत्रकारों की किताब पर आधारित-** हारेत्ज की रिपोर्ट पत्रकार श्लोमी एल्डर और रूथ युवाल की नई किताब ड्ढल्लिंस्त्रस्त्रीः 843 उं८२ ड्ड अुंल्लड्डिल्लौल्ल३ पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक, किताब के लिए राजनयिक सूत्रों से बातचीत की गई थी। इसमें वअए राष्ट्रपति के एक सलाहकार का भी हवाला दिया गया है, जिसे कथित तौर पर इस बातचीत की सीधी जानकारी थी। अन्य रिपोर्टों के मुताबिक, इस जांच में अधिकारियों के बयान, रिकॉर्डिंग, आंतरिक दस्तावेज और पत्राचार भी शामिल हैं। अगर यह दावा सही साबित होता है, तो सवाल सिर्फ 7 अक्टूबर के हमले की जानकारी को लेकर नहीं होगा।

## नेपाल में 5 तीव्रता का भूकंप आया:13 दिन पहले आई बाढ़ के बाद 7 सुरंगों में फंसे कर्मचारियों की तलाश जारी



ब्रह्मास्त्र ›› काठमांडू

नेपाल में मंगलवार रात को 5 तीव्रता का भूकंप आया है। फिलहाल किसी नुकसान की जानकारी नहीं है। वहीं बाढ़ के 13 दिन बाद भी राहत और बचाव अभियान जारी है। रेस्क्यू टीम अलग-अलग 7 हाईड्रोपॉवर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में फंसे कर्मचारियों की तलाश कर रही हैं। अब तक 13 हजार से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है, जबकि 4894 लोग अब भी लापता हैं। इनमें 587 विदेशी नागरिक शामिल हैं। पहाड़ी इलाकों, टूटे रास्तों और भारी मलबे के कारण बचाव अभियान में कई मुश्किलें आ रही हैं। नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से 1,356 लोगों की मौत हुई है। वहीं तिब्बत में 43 लोगों की मौत हुई है और 519 लापता हैं। नेपाल सरकार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में खोज और बचाव अभियान के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से जरूरी उपकरण और सामान मांगे हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, सरकार ने खास तौर पर ऐसे उपकरण मांगे हैं, जिनकी मदद से बाढ़, भूस्खलन, कीचड़ और बंद या क्षतिग्रस्त सुरंगों जैसी मुश्किल जगहों पर बचाव अभियान चलाया जा सके।

### दुनिया के सबसे ज्यादा कमाने वाले नेता की सैलरी बढ़ी

# सिंगापुर के पीएम को हर साल 27 करोड़ मिलेंगे; पीएम मोदी से 135 गुना ज्यादा

ब्रह्मास्त्र ›› सिंगापुर

सिंगापुर सरकार ने प्रधानमंत्री, मंत्रियों और दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों की सैलरी बढ़ाने का फैसला किया है। दुनिया के सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले नेताओं में शामिल प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की सालाना कमाई अब करीब 11 करोड़ बढ़ जाएगी। वोंग को फिलहाल सालाना करीब 22 लाख सिंगापुर डॉलर (लगभग 16 करोड़) मिलते हैं। बढ़ोतरी के बाद उनका सालाना पैकेज करीब 36 लाख सिंगापुर डॉलर (लगभग 27 करोड़) हो जाएगा। यानी उनकी कमाई में 60% से ज्यादा का इजाफा होगा। तुलना करें तो भारत के प्रधानमंत्री मोदी की सालाना सैलरी करीब 20 लाख है। इस हिसाब से वोंग की नई सालाना कमाई मोदी की सैलरी से करीब 135 गुना ज्यादा होगी।

अभी सिंगापुर के मंत्रियों को सालाना करीब 11 लाख सिंगापुर डॉलर (8.20 करोड़) मिलते हैं। नई व्यवस्था में यह बढ़कर करीब 12 लाख डॉलर (8.95 करोड़) हो जाएगी। वोंग के मुताबिक, मौजूदा सरकार का कार्यकाल खत्म होने तक ज्यादातर मंत्रियों की सालाना कमाई 13.5 लाख डॉलर (करीब 10 करोड़) तक पहुंच सकती है। सैलरी का कुछ हिस्सा सरकार के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। रोजगार बढ़ाने, लोगों की आय बढ़ाने और ग्रोथ जैसे लक्ष्यों को हासिल करने पर उनकी कमाई बढ़ सकती है।

सरकार का तर्क- ज्यादा सैलरी से भ्रष्टाचार कम होगा सिंगापुर सरकार लंबे समय से मंत्रियों को ज्यादा सैलरी देने के फैसले का बचाव करती रही है। सरकार का कहना है कि मंत्रियों को अच्छी सैलरी मिलनी चाहिए, ताकि योग्य लोग राजनीति में आएं और भ्रष्टाचार से दूर रहें। सिंगापुर दुनिया के सबसे कम भ्रष्ट देशों में शामिल है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में भी वह लगातार ऊंची रैंकिंग पर रहा है। सरकार इसे अपनी ऊंची सैलरी वाली व्यवस्था के पक्ष में एक उदाहरण मानती है।

### आम लोगों में नाराजगी, नौकरी और महंगाई को लेकर चिंता

सिंगापुर में मंत्रियों की इतनी ज्यादा सैलरी लंबे समय से विवाद का मुद्दा रही है। आम लोगों की कमाई इसके मुकाबले काफी कम है। देश में औसत सालाना आय 5,775 सिंगापुर डॉलर यानी करीब 4.30 लाख है। इस बार भी सैलरी बढ़ाने के फैसले की आलोचना हुई। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने कहा कि सरकार ने आम लोगों की परेशानियों को नजरअंदाज किया है। लोगों को नौकरी जाने, नए ग्रेजुएट्स को नौकरी मिलने और बढ़ती महंगाई की चिंता है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछली तिमाही में नौकरी गंवाने वालों की संख्या 5 साल से ज्यादा समय में सबसे ज्यादा रही। हालांकि, कुछ लोगों ने सरकार के फैसले का समर्थन भी किया। उनका कहना था कि देश चलाने के लिए सबसे अच्छे लोगों को जिम्मेदारी देना जरूरी है।

### ब्रिटिश एयरवेज और ईजीजेट समेत 5 से ज्यादा एयरलाइंस पर असर

# ब्रिटेन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में खराबी, एक हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द

ब्रह्मास्त्र ›› हीथ्रो

ब्रिटेन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी के चलते मंगलवार देर रात तक 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसल कर दी गईं। फ्लाइट मॉनिटरिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24 ने इसकी जानकारी दी। ब्रिटेन की नेशनल एयर ट्रैफिक सर्विसेज ने बताया कि यह समस्या उड़ानों के टेकऑफ पर असर डाल रही थी। फ्लाइट सिस्टम धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। फ्लाइटरडार24 ने पर बताया कि ब्रिटिश एयरवेज, ईजीजेट, ङ्छट और लुफ्थांसा समेत कई एयरलाइंस की फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। लंदन के हीथ्रो, गैटविक और स्टैनस्टेड एयरपोर्ट के साथ-साथ इंग्लैंड के ईस्ट मिडलैंड्स इलाके के एयरपोर्ट्स पर भी उड़ानों के टेक-ऑफ और लैंडिंग शेड्यूल में दिक्कतें आईं। बजट एयरलाइन ईजीजेट ने बताया कि उसकी कुछ फ्लाइट्स ऑपरेट नहीं हो सकीं। कंपनी के मुताबिक, सिस्टम में खराबी के कारण पूरे यूरोप में उसकी फ्लाइट्स में देरी हुई। हीथ्रो एयरपोर्ट की वेबसाइट पर मंगलवार को यूरोप के अलग-अलग शहरों के लिए जाने वाली कई शॉर्ट-हॉल फ्लाइट्स कैंसल या लेट दिखाई गईं। हालांकि, एयरपोर्ट पर आने वाली फ्लाइट्स पर इसका असर नहीं दिखा। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी किस वजह से हुई।

### ट्रैफिक कंट्रोल सर्विस के सीईओ के इस्तीफे की मांग




रयानएयर एयरलाइन ने ब्रिटेन की एयर ट्रैफिक कंट्रोल सर्विस ठअळर के उएड मार्टिन रोल्फे से इस्तीफा देने की मांग की है। कंपनी के मुताबिक, सिस्टम फेल होने से उसके 65 हजार से ज्यादा यात्री प्रभावित हुए। रयानएयर के एनएटीएस नील मैकमोहन ने कहा कि 2023 में ठअळर के बड़े सिस्टम फेल होने के तीन साल बाद भी हालात नहीं बदले हैं। उन्होंने कहा कि आज यात्रियों को 8 घंटे तक की देरी झेलनी पड़ी, जिसकी वजह ठअळर का अहम एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम फेल होना है। वहीं, ब्रिटिश एयरवेज ने कहा कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में आई खराबी उसके पूरी तरह नियंत्रण से बाहर थी और वह स्थिति ठीक करने की कोशिश कर रही है।

### जर्मनी की दक्षिणपंथी पार्टी का चेहरा एलिस वीडल कैसे बनीं

# पार्टनर श्रीलंका में जन्मी; फिर भी समलैंगिक शादी और प्रवासियों के खिलाफ

ब्रह्मास्त्र ›› फ्रांस



जर्मनी के सैक्सोनी-आनहाल्ट में सितंबर 2026 के चुनाव में अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी ने बड़ी जीत हासिल की है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार है, जब जर्मनी में कोई दक्षिणपंथी पार्टी किसी राज्य में इतनी बड़ी जीत के साथ सत्ता के करीब पहुंची है। एएफडी दूसरे देशों से आकर जर्मनी में बसे लोगों और समलैंगिक शादी के खिलाफ अपने सख्त रुख के लिए जानी जाती है। लेकिन इस पार्टी की कहानी में एक बात सबसे ज्यादा चौंकाती है।

एएफडी की चीफ एलिस वीडल खुद लेस्बियन हैं। उनकी पार्टनर श्रीलंका में जन्मी हैं। यानी जिस पार्टी की नीतियां समलैंगिक शादी और प्रवासियों के खिलाफ हैं, उसी पार्टी की सबसे ताकतवर नेता की अपनी निजी जिंदगी इससे बिल्कुल अलग है। जर्मन अखबार डाय वेल्ट के मुताबिक वीडल का बचपन ऐसे माहौल में बीता, जहां राजनीति को लेकर काफी चर्चा होती थी। हालांकि, उनके माता-पिता किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़े नहीं थे।

वीडल के दादा हंस वीडल हिटलर की नाजी पार्टी से जुड़े हुए थे। इस दौरान उनकी काफी तरक्की हुई। हिटलर ने उन्हें 1941 में नाजी कब्जे वाले वारसॉ में सैन्य न्यायधीश बनाया था। वीडल परिवार तब सिलेसिया में रहता था। यह अब पोलैंड का इलाका है। द्वितीय विश्व युद्ध में जब हिटलर की हार हुई तो वे भागकर पश्चिमी जर्मनी पहुंचे। यहां वीडल परिवार ने फर्नीचर का काम शुरू किया। 1979 में एलिस वीडल का जन्म हुआ। वह सिर्फ 6 साल की थीं, जब उनके दादा की मौत हो गई। एलिस के मुताबिक, नाजी शासन के दौरान उनके दादा ने क्या काम किए थे, इस बारे में परिवार में कभी बातचीत नहीं हुई।

### टीचर को चिढ़ाने के लिए मर्सिडीज से स्कूल जाती थीं

अपने स्कूली दिनों को लेकर वीडल ने बताया कि उनके स्कूल के ज्यादातर शिक्षक वामपंथी विचारधारा से प्रभावित थे। वह कहती हैं, वे मुझे पसंद नहीं करते थे और मैं भी उन्हें पसंद नहीं करती थी। उनको चिढ़ाने के लिए मैं अपने पिता की मर्सिडीज से स्कूल जाती थी स्कूली दिनों में वीडल डॉक्टर बनना चाहती थीं। लेकिन उनके पिता इसके खिलाफ थे। उनका कहना था कि डॉक्टर की पूरी जिंदगी बीमार लोगों के बीच गुजरती है। ऐसे पेशे में जाने का कोई मतलब नहीं है। पिता की सलाह पर वीडल ने इकोनॉमिक्स और बिजनेस की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने बैंकिंग और बिजनेस में करियर शुरू किया। कुछ समय उन्होंने अमेरिकी इनवेस्टमेंट कंपनी गोल्डमैन सैक्स में काम किया। इसके बाद वह चीन चली गईं।

### मंदारिन सीखी, चीन की अर्थव्यवस्था समझी

चीन में वीडल ने बैंक ऑफ चाइना में काम किया और 5 साल तक वहां रहीं। इसी दौरान उन्होंने मंदारिन यानी चीनी भाषा सीखी और बिजनेस कंसल्टेंट के तौर पर भी काम किया। चीन में रहते हुए उनकी दिलचस्पी वहां की अर्थव्यवस्था में बढ़ी और उन्होंने चीन की पेंशन व्यवस्था के भविष्य पर रिसर्च शुरू की। 2011 में उन्होंने इसी विषय पर डॉक्टरेट पूरी की और फिर जर्मनी लौट आईं। वीडल अर्थशास्त्र पढ़ चुकी थीं, बैंक में काम कर चुकी थीं और चीन में कई साल बिता चुकी थीं। यानी राजनीति में आने से पहले ही उन्हें पैसे, कारोबार और दुनियादारी की अच्छी समझ हो गई थी। साल 2007 में वीडल की मुलाकात सारा बॉसार्ड से हुई। सारा स्विट्जरलैंड की फिल्म निमार्ता हैं। सारा का जन्म श्रीलंका में हुआ था। जब वह सिर्फ तीन महीने की थीं, तब स्विट्जरलैंड के एक पादरी दंपती ने उन्हें गोद ले लिया था। वीडल और सारा की दोस्ती धीरे-धीरे रिश्ते में बदल गई। दोनों 2009 से साथ हैं। वे स्विट्जरलैंड में अपने दो बेटों के साथ रहती हैं और मिलकर उनकी परवरिश करती हैं। सारा बोसार्ड ने दोनों बच्चों को स्पर्म डोनेशन की मदद से जन्म दिया। दोनों बच्चों के जैविक पिता अलग-अलग पुरुष हैं। यह कोई गुमनाम स्पर्म बैंक का मामला नहीं था। वीडल और सारा दोनों बच्चों के जैविक पिताओं को जानती हैं और बच्चों को भी अपने जैविक पिता की पहचान पता है। हालांकि, इन दोनों पुरुषों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है।

■ वर्ष-12 अंक-306 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

**दम्भो दर्पोऽभिमानश्च क्रोधः पारुष्यमेव च।**
**अज्ञानं चाभिजातस्य पार्थ सम्पदमासुरीम्।।**

**भावार्थ** : हे पार्थ! अभिमान, अहंकार और अभिमान और क्रोध, कठोरता और अज्ञान भी- ये सभी राक्षसी धन के साथ पैदा हुए व्यक्ति के लक्षण हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 09 सितम्बर, 2026

**षड्दोषाः पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता।**
**निद्रा, तन्द्रा, भयं, क्रोधो आलस्यं, दीर्घसूत्रता।।**

**भावार्थ** : जीवन में सुख की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को इन छह दोषों को छोड़ देना चाहिएः नींद, नींद, भय, क्रोध, आलस्य, देर से काम करना।

## सम्पादकीयम्

### सत्यनिकेतनप्रसङ्गे

सत्य निकेतन घटना : अन्यः प्रमुखः विषयः पृष्ठभागः– प्रमुखनगरेषु छात्राणां निवासव्यवस्थाः काः सन्ति? सत्यनिकेतनप्रसङ्गे सप्तछात्राणां मृत्योः कारणात् अन्यः गम्भीरः प्रश्नः उत्पन्नः यत् प्रमुखनगरेषु छात्राः सम्यक कुत्र निवसन्ति? छात्राः सुरक्षितस्य असुरक्षितस्य च आवासस्य भेदं कथं कर्तुं शक्नुवन्ति इति सर्वाधिकं आव्हानं वर्तते। पर्याप्त आवासस्य अभावात् ते प्रायः पीजी (अतिथिवासस्य भुक्तं) स्थातुं बाध्यन्ते। सत्य निकेतन घटना से उठे प्रश्न दिल्लीनगरे सत्यनिकेतनघटनायाः अनन्तरं प्रशासनिकप्रमादस्य निरीक्षणस्य च विषयेभ्यः परं अन्यत् समस्या अग्रे आगता अस्ति यत् शिक्षार्थं प्रमुखनगरेषु आगच्छन्तः छात्राः काः जीवनव्यवस्थाः सन्ति? किं ते सुरक्षितं निवासस्थानं प्राप्नुवन्ति, कियत्पर्यन्तं च ? जनहितमुकदमस्य श्रवणं कुर्वन् दिल्ली उच्चन्यायालयेन स्वीकृतं यत् पर्याप्तं छात्रावासस्य अभावेन ते निजीपीजी-इत्यस्य उपरि अवलम्बितुं बाध्यन्ते। संस्थानां प्रसारः : २०१४ तमे वर्षे २०२४ तमे वर्षे च देशे विश्वविद्यालयानाम् संख्यायां प्रायः ६०%, महाविद्यालयानाम् संख्यायां २१% वृद्धिः अभवत्। अस्मिन् एव काले छात्राणां नामाङ्कनं ३०% अधिकं वर्धितम्। परन्तु छात्रावाससुविधानां विषये अपि तथैव वक्तुं न शक्यते। यदा आसनानि वर्धन्ते, नूतनाः संस्थाः उद्घाट्यन्ते-यथा प्रतिवर्षं।

प्याजस्य मूल्येषु वर्धमानस्य विषये सर्वकारस्य प्रमुखः कदमः

## १० दिवसेषु ४,००० टन बफर-स्टॉकस्य अवरोहणं जातम्, तथापि राष्ट्रव्यापिरूपेण मूल्यानि वर्धन्ते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

उत्सवस्य ऋतुतः पूर्वं प्याजस्य मूल्यवृद्ध्या केन्द्रसर्वकारस्य चिन्ता उत्पन्ना अस्ति। उपभोक्तृभ्यः राहतं दातुं तथा च आकस्मिकं विपण्य-उत्थानं निवारयितुं केन्द्रेण स्वस्य बफर-स्टॉकतः प्याजस्य विक्रयणं त्वरितम् अभवत्। अनुदानितदरेण विक्रयणस्य प्रथमदशदिनेषु एव सर्वकारेण १७ नगरेषु प्रायः ४,००० टन बफरप्याजस्य विक्रयः कृतः एते प्याजाः चयनितनगरेषु 35 प्रतिकिलोग्रामस्य अनुदानितदरेण उपलभ्यन्ते। एतदपि स्थितिः पूर्णतया सर्वकारस्य पक्षे नास्ति; ५ सितम्बरपर्यन्तं देशे सर्वत्र प्याजस्य औसतखुदरामूल्यं ५०.७९ प्रतिकिलोग्रामं यावत् आसीत्, यदा २८ अगस्तदिनाङ्के अनुदानितविक्रयः आरब्धः तदा ४८.५० प्रतिकिलोग्रामः आसीत्।

सर्वकारस्य १.२१ लक्षटनस्य बफरः अस्ति केन्द्रसर्वकारेण प्रायः १.२१ लक्षटनप्याजस्य बफर-भण्डारः निर्मितः अस्ति। एतत् स्टॉकं राष्ट्रियसहकारी उपभोक्तृसङ्घस्य तथा राष्ट्रियकृषिसहकारीविपणनसङ्घस्य माध्यमेन मार्केट् मध्ये विमोच्यते। मूल्येषु असामान्यं वृद्धिं दृष्ट्वा नगरेषु, विपण्येषु च आपूर्तिं तत्क्षणमेव वर्धयितुं सर्वकारस्य उद्देश्यम् अस्ति। उपभोक्तृमन्त्रालयस्य अनुसारं उत्पादकराज्येभ्यः प्रमुखेभ्यः उपभोगकेन्द्रेभ्यः बफरप्याजस्य स्थानान्तरणार्थं रेलयानस्य, मार्गपरिवहनस्य च उपयोगः क्रियते। एतदर्थं 'काण्डा एक्स्प्रेस्' इति विशेषा रेलसेवा प्रचलति। दिल्ली-चेन्नै-नगरयोः मालवाहनानि पूर्वमेव प्राप्तानि सन्ति, तृतीयं मालवाहनं गुवाहाटी-नगरं प्रति प्रेषयितुं



सज्जता प्रचलति ।

35/किलोग्रामे विक्रयात् कियत् राहतं? मूल्यस्य उतार-चढावस्य प्रति संवेदनशीलाः चयनितनगरेषु बफरप्याजस्य विक्रयणं प्रतिकिलोग्रामं ३५ मूल्येन कर्तुं सर्वकारेण निर्णयः कृतः अस्ति। केवलं राष्ट्रियसहकारी उपभोक्तृसङ्घेन अधुना यावत् प्रायः १५०० टन बफरप्याजस्य विक्रयः कृतः अस्ति। संघस्य प्रबन्धनिदेशकस्य अनीस् जोसेफ चन्द्रस्य मते अस्य हस्तक्षेपस्य कारणेन केषुचित् विपण्येषु प्याजस्य मूल्येषु प्रतिकिलोग्रामं २ तः ३ यावत् न्यूनता अभवत् उपभोक्तृभ्यः सर्वकारीयस्त्रोतः प्याजः स्थानीयप्रशासनैः चिह्नितानां मोबाईलवैनानां, खुदराविक्रयस्थानानां, सहकारीसंस्थानां, अन्येषां च माध्यमानां माध्यमेन उपलभ्यते।

परन्तु राष्ट्रियस्तरीयदत्तांशैः सर्वकारस्य समक्षं यत् आव्हानं वर्तते तत् अपि प्रकाशितं भवति। ५ सितम्बं दिनाङ्के दिल्लीनगरे ५८ प्रति किलोग्रामे, मुम्बईनगरे ५३, चेन्नैनगरे ६३, रांचीनगरे च ४० मूल्ये प्याजस्य विक्रयः आसीत्। राष्ट्रियसरासरी थोकमूल्यं प्रतिकिलोग्रामं प्रायः ४२.७९ आसीत्। सरकारीविक्रयणं कृत्वा अपि औसतमूल्यं किमर्थं वर्धितम् सम्पूर्णस्य अभियानस्य विषये एषः एव महत्त्वपूर्णः प्रश्नः अस्ति। सर्वकारेण बफर-स्टॉक-प्याजस्य बृहत् परिमाणं विपण्यां मुक्तम्, तथापि तस्मिन् काले राष्ट्रिय-सरासरी-खुदरा-मूल्ये न्यूनता न अभवत्। अस्य कृते अनेकाः कारकाः उत्तरदायी भवितुम् अर्हन्ति, यथा क्षेत्रीयआपूर्तिगतिशीलता, परिवहनव्ययः, स्थानीयमागधा, मण्डी (थोकबाजार)स्तरस्य उपलब्धता च सर्वकारीयबफर-भण्डारस्य लाभः तेषु क्षेत्रेषु अधिकतया दृश्यते यत्र प्याजः अनुदानित-माध्यमेन प्रत्यक्षतया उपभोक्तृभ्यः प्राप्नोति। तस्य विपरीतम् सामान्यखुदराविपण्ये मूल्यानि स्थानीयआपूर्तिमागधानापि निर्धारितानि भवन्ति। अतः प्रतिकिलोग्रामं ३५ मूल्येन प्याजविक्रयणं कृत्वा सर्वकारेण प्रत्येकस्मिन् नगरे दुकानेषु समानमूल्येन प्याजः उपलभ्यते इति न भवति।

मेघविस्फोटानन्तरं

## रामपुरे अराजकता; जल परियोजनायाः महती क्षतिः भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रामपुर

हिमाचलप्रदेशस्य शिमलामण्डले मौसमस्य क्षीणतायाः मध्यं रामपुरस्य काशपतक्षेत्रे मेघविस्फोटेन आकस्मिकजलप्रलयः उत्पन्नः। प्रबलधाराभिः गङ्गदारीजलविद्युत्परियोजनायाः सेवनसंरचनायाः महती क्षतिः अभवत्। अस्याः घटनायाः कारणात् क्षेत्रे अराजकस्थितिः सृजति स्म। परियोजनायाः संयंत्रप्रभारी धीरज वर्मा इत्यस्य मते बाढजलेन सेवनस्य अपस्ट्रीम-डाउनस्ट्रीम-राफ्ट्-इत्यस्य अपि च तल-वाहन-चैनलस्य क्षतिः अभवत् नालस्य आधारे तीव्रक्षरणेन संरचनायाः क्षतिः अभवत्।

प्रबलधाराभिः प्रक्षालिताः टोकराः मेघविस्फोटानन्तरं जलप्लावनस्य प्रवाहः एतावत् तीव्रः आसीत् यत् अनेके टोकराः प्रक्षालिताः अभवन्। अनेन अन्येषां परियोजनासंरचनानां क्षतिः अभवत्, समीपे मलिनमवशेषस्य बृहत् सञ्चयः अपि अभवत्। यथा यथा एषा घटना रात्रौ अभवत तथा तथा स्थानीयवासिनां मध्ये आतङ्कः प्रसृतः। प्रशासनेन जनान् आग्रहं कृतवान् यत् ते दुर्गतः समये खातानां, नदीनां, प्रवाहानाम्, अन्यजलनिकासानां च समीपे उद्यमं न कुर्वन्तु। निवासिनः सतर्काः भवन्तु, प्रशासनेन निर्गतमार्गदर्शिकानां पालनम् अपि कुर्वन्तु इति सल्लाहः दत्तः अस्ति। शिमलानगरे प्रातःकालात् अशुभः मौसमः इदानीं राजधानी शिमला सहितं हिमाचलप्रदेशस्य अधिकांशभागेषु शनिवासरस्य प्रातःकालादेव मौसमस्य स्थितिः दुर्बलः एव अस्ति। अनेकक्षेत्रेषु लघुतः मध्यमपर्यन्तं वर्षा भविष्यति। मौसमविभागेन काङ्गरा-सिरमौर-मण्डलेषु अत्यधिकवृष्ट्या 'पीत-सचेतना' जारीकृता अस्ति; तथापि राज्यस्य अन्येषां मण्डलानां कृते अस्मिन् समये कोऽपि चेतावनी न जारीकृता।

## अगस्तमासे कोयलास्य उत्पादनं वर्षे वर्षे ५.६ प्रतिशतं न्यूनीकृत्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अगस्तमासे विद्युत्क्षेत्रे ४४.८५ मिलियनटन अङ्गारस्य आपूर्तिः अभवत्, यत् पूर्ववर्षस्य तुलने ४.५ प्रतिशतं वृद्धिः अभवत्। परन्तु कोल इण्डिया लिमिटेड् इत्यनेन २०२६ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासे कोयलास्य उत्पादनं वर्षे वर्षे ५.६ प्रतिशतं न्यूनीकृत्य ४७.५ मिलियन टन इति ज्ञापितम्। अङ्गारस्य उत्पादनं पूर्वं २०२५ तमस्य वर्षस्य जुलै-मासेषु २०२५ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासे च क्रमशः ८ प्रतिशतं, ११.८ प्रतिशतं च वृद्धिं प्राप्तवती आसीत्। इदानीं देशे २०२६ तमस्य वर्षस्य जुलैमासे विद्युत्-उपभोगः २७.०३ मिलियन-मेगावाट्-घण्टाः यावत् अभवत्-इति प्रायः ११ प्रतिशतं वृद्धिः तथैव २०२६ तमस्य वर्षस्य।

## राशिफल

**मेष** : शाम तक एक छोटा सा काम पूरा करके शांत और संतुष्ट महसूस करेंगे। अपनी प्रगति का शांति से जश्न मनाएं।

**वृषभ** : आज आपके दिमाग में उज्ज्वल आइडिया उमड़ेंगे। अपने आइडिया को प्राथमिकता दें और एक उपयोगी योजना पर अमल करें।

**मिथुन** : जरूरी कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें और छोटे-मोटे काम पूरे करें। दोस्त या परिवार मददगार सलाह देते हैं, शांति से सुनें।

**कर्क** : बिना किसी अहंकार के मदद को स्वीकार करें। रोज कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाएं।

**सिंह** : समस्याओं को सुलझाने के लिए क्लियर सोच का प्रयोग करें। आज जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

**कन्या** : आज छोटे-छोटे कदम लगातार प्रगति लाएंगे। आज का दिन निरंतर कोशिश और योजना बनाने के पक्ष में हैं।

**तुला** : शांति पाने के लिए छोटे-छोटे ब्रेक लें। म्यूजिक सुनें। जल्दबाजी में फैसले लेने से बचें। मददगार सलाह स्वीकार करें।

**वृश्चिक** : फ्यूचर के लिए अगले कदमों की योजना बनाएं। आज आप ऊजार्वान और आत्मविश्वासी महसूस करेंगे।

**धनु** : अच्छी नींद लें और नई योजनाओं के लिए तैयार हो जाएं। आज आप स्टेबल महसूस करेंगे।

**मकर** : साधारण बातचीत और सुनने से नए संबंध बन सकते हैं। क्लियर सवाल पूछें और छोटे-छोटे आइडिया शेयर करें।


**कुंभ** : आज अपनी रूटीन पर ध्यान केंद्रित करें। बातचीत भ्रम को दूर करती है। कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**मीन** : जल्दबाजी में फैसले लेने से बचें। पार्टनर को समय दें। पैसों के मामले में दिन सामान्य से अच्छा रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# दिसंबर माह में सबसे बड़ा गोचर, इन राशियों को होगा बंपर लाभ और चमक उठेगी किस्मत

दिसंबर 2026 को राहु कुंभ से मकर राशि में गोचर करेंगे जिससे कुछ राशि वालों को जबरदस्त लाभ मिलने के योग हैं। वैदिक ज्योतिष में राहु को छाया ग्रह माना गया है और यह हमेशा उल्टी चाल से चलते हैं। राहु एक राशि में करीब 18 महीने तक गोचर करते हैं और साल 2026 के अंत यानी दिसंबर में गोचर करेंगे। 5 दिसंबर को राहु कुंभ से मकर राशि में परिवर्तन करेंगे। साल के अंत में राहु के राशि परिवर्तन से कुछ राशि वालों को विशेष लाभ मिलने के योग हैं। आइए जानते हैं राहु के गोचर करने से किन राशियों को सबसे ज्यादा लाभ मिल सकता है।



### सिंह राशि पर राहु के गोचर का प्रभाव

- दिसंबर में राहु के राशि परिवर्तन से सिंह राशि वालों के जीवन में सुखद बदलाव आएगा।
- आपको अपनी मेहनत का भरपूर फल मिलेगा।
- कामकाज के सिलसिले में आपको विदेश की यात्रा करने का अवसर मिल सकता है।
- धन के मामले में आपको अचानक लाभ हासिल होगा।

### वृश्चिक राशि पर प्रभाव

- साल के अंत में राहु का गोचर वृश्चिक राशि वालों के लिए राहत लेकर आ सकता है।
- आपके रुके हुए काम रफ्तार के साथ आगे बढ़ेंगे।
- आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा।
- नौकरी-बिजनेस से जुड़े मामलों में आपको सफलता हासिल हो सकती है।
- जल्दबाजी में आपको निवेश करने से बचना होगा।

### मीन राशि पर राहु के गोचर का प्रभाव

- मीन राशि वालों के लिए राहु का गोचर बहुत ही खास रहेगा।
- इस दौरान आपको तनाव और परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।
- लंबे समय से आपको अच्छा फायदा होता हुआ दिखाई देगा।
- अचानक से धन प्राप्ति के अच्छे योग दिखाई पड़ रहे हैं।

### राहु दोष से बचने के उपाय

- शनिवार के दिन पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं।
- जरूरतमंदों को अपनी क्षमता के अनुसार हर समय मदद करें।
- किसी के साथ गलत व्यवहार करने से बचें।

कैम्पा, रइकलाइफ और चैटजीपीटी घरेलू क्रिकेट के एसोसिएट पार्टनर बने, पिछले साल से 44% ज्यादा

# बीसीसीआई का 130 करोड़ से ज्यादा का करार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

बीसीसीआई ने भारत की घरेलू क्रिकेट के लिए कैम्पा, रइक लाइफ और चैटजीपीटी के साथ दो सीजन का करार किया है। इन तीनों करारों की कुल कीमत 130 करोड़ रुपए से ज्यादा है। तीनों कंपनियां भारत की घरेलू क्रिकेट की एसोसिएट पार्टनर होंगी।

यह करार भारत की वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज से शुरू होकर मार्च 2028 तक चलेगा। इसकी कुल कीमत पिछले करार की तुलना में 44% ज्यादा है। इउउक ने पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

**पेय पदार्थ, बीमा और एआई सेक्टर की कंपनियां शामिल-** इस साझेदारी में पेय पदार्थ, बीमा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर की कंपनियां शामिल हैं। इसके तहत दो सीजन के दौरान भारत में होने वाली द्विपक्षीय क्रिकेट को कवर किया जाएगा। बीसीसीआई के प्रेसिडेंट मिथुन मन्हास ने कहा कि इन नई साझेदारियों से भारतीय क्रिकेट की ताकत और ब्रांड्स का भरोसा दिखता है। मन्हास ने कहा- भारत का घरेलू सीजन देश में एक अहम और पसंदीदा स्पोर्ट्स प्रॉपर्टी बना हुआ है।

**27 सितंबर से शुरू होगा घरेलू इंटरनेशनल सीजन-** भारत में घरेलू इंटरनेशनल के इस सीजन का पहला मैच 27 सितंबर को होगा। इस दिन वेस्टइंडीज की टीम भारत दौरे पर आएगी। इससे पहले सितंबर के बीच में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी होगी। हालांकि, ये मैच अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के होम गेम्स माने जाएंगे।

## दलीप ट्रॉफी फाइनल- कप्तान तिलक अर्धशतक लगाकर नाबाद, तीसरे दिन साउथ जोन 242/6, ईस्ट जोन से 466 रन पीछे, पडिक्कल ने 62 रन बनाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

दलीप ट्रॉफी का फाइनल ईस्ट जोन और साउथ जोन के बीच चेन्नई में खेला जा रहा है। मंगलवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक साउथ जोन ने पहली पारी में 6 विकेट पर 242 रन बना लिए हैं। टीम अभी ईस्ट जोन के पहली पारी के स्कोर से 466 रन पीछे है। ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रन बनाए थे। मुकाबले के चौथे दिन का खेल बुधवार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।

**पडिक्कल ने 62 रन की पारी खेली-** साउथ जोन की शुरूआत खराब रही और 10 रन के स्कोर पर रिकी भुई 1 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नारायण जगदीशन और देवदत्त पडिक्कल ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। जगदीशन 32 रन बनाकरआउट हुए। पडिक्कल और शेख रशीद ने तीसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। रशीद 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल 62 रन बनाकर आउट हुए।

**तिलक 56 रन बनाकर नाबाद-** कप्तान तिलक वर्मा ने रविचंद्रन स्मरण (23) के साथ पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े। तिलक और श्रेयस गोपाल (26) ने छठे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। दिन का खेल खत्म होने पर तिलक वर्मा 56 रन और चामा मिलिंद 2 रन बनाकर नाबाद हैं। ईस्ट जोन के लिए मोहम्मद



शमी और मुकेश कुमार ने 2-2 विकेट झटके। शिखर मोहन को एक विकेट मिला।

**वैभव के कहने पर ईशान ने लिया रिव्यू-** दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन के उपकप्तान वैभव सूर्यवंशी ने तीसरे दिन टीम को पहला विकेट दिलाने में अहम भूमिका निभाई। मुकेश कुमार की गेंद पर रिकी भुई के खिलाफ कैच की अपील हुई। गेंद बल्ले का किनारा छूकर विकेटकीपर के हाथों में गई थी। ईशान किशन रिव्यू लेने को लेकर असमंजस में थे। तभी वैभव ने उन्हें रिव्यू लेने के लिए कहा। ईशान ने रिव्यू लिया और थर्ड अंपायर ने रिकी भुई को आउट दे दिया।

**ईशान किशन ने 270 रन की पारी खेली-** ईस्ट जोन की ओर से पहली पारी में कप्तान ईशान किशन ने 270 रन बनाए। उन्होंने 334 गेंदों का सामना करते हुए 30 चौके और 7 छक्के लगाए। कुमार कुशाग्र ने 101, शिखर मोहन ने 85 और अभिमन्यु ईश्वरन ने 72 रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी ने भी 37 गेंदों पर 44 रन की तेज पारी खेली।

**सिराज को एक भी विकेट नहीं-** साउथ जोन की ओर से पहली पारी में त्रिपुराना विजय ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके। चामा मिलिंद और श्रेयस गोपाल ने 2-2 विकेट लिए। शेख रशीद को एक विकेट मिला। अभिमन्यु ईश्वरन रन आउट हुए। हालांकि, मोहम्मद सिराज समेत साउथ जोन के गेंदबाज ईस्ट जोन के बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाने में नाकाम रहे हैं। सिराज को पहली पारी में एक भी विकेट नहीं मिला।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**ईस्ट जोनः** अभिमन्यु ईश्वरन, वैभव सूर्यवंशी, कुमार कुशाग्र, सुदीप कुमार घरामी, शिखर मोहन, ईशान किशन (विकेटकीपर/कप्तान), एमडी कौनैन कुरैशी, अनुकूल रॉय, मोहम्मद शमी, अभिजीत के सरकार, मुकेश कुमार।

**साउथ जोनः** रिकी भुई, नारायण जगदीसन (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, शेख रशीद, तिलक वर्मा (कप्तान), स्मरण रविचंद्रन, श्रेयस गोपाल, त्रिपुराना विजय, मोहम्मद सिराज, चामा वी मिलिंद, एमडी निधिश।

## रोहित यादव अंडर-19 ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत की अंडर-19 टीम से बाहर किए गए रोहित यादव की जगह आर्यन सावसानी और तन्मय बलोदा को शामिल किया गया है। आर्यन को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए, जबकि तन्मय को मल्टी-डे मैच के लिए टीम में चुना गया है। बंगाल के लेग स्पिनर रोहित यादव पर एज फ्रॉड के लिए बीसीसीआई ने शुक्रवार को 2 साल का बैन लगाया था। वे जुलाई में श्रीलंका दौरे पर गई भारत की अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। उम्र में गड़बड़ी सामने आने के बाद उन्हें तुरंत टीम से बाहर कर दिया गया। रोहित पर कार्रवाई की जानकारी क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल की प्रक्रिया के तहत सामने आई। सीएबी ने अपने खिलाड़ियों के लिए प्री-सीजन दस्तावेज जांच अभियान चलाया था। इसी दौरान रोहित की उम्र से जुड़ी गड़बड़ी सामने आई। रिपोर्ट के मुताबिक, उनके रिकॅार्ड में उम्र का अंतर 27 महीने का है। रोहित ने बंगाल की अलग-अलग आयु वर्ग की टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। सीएबी ने इसी तरह की उम्र संबंधी गड़बड़ियों के कारण 64 अन्य खिलाड़ियों पर भी प्रतिबंध लगाया है।

## भारतीय हॉकी टीम नीली जर्सी में ही एशियन गेम्स खेलेगी

### वर्ल्ड कप में नारंगी जर्सी पर विवाद हुआ था, हॉकी इंडिया ने ड्रेस बदली



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जापान में होने वाले एशियन गेम्स में भारतीय हॉकी टीम एक बार फिर नीली जर्सी में नजर आएगी। नीदरलैंड्स और बेल्जियम में खेले गए हॉकी वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय पुरुष और महिला टीमों की प्राइमरी किट नारंगी कर दी गई थी।

जर्सी बदले जाने पर काफी विवाद हुआ था। कई पूर्व हॉकी खिलाड़ियों ने इसे गलत बताया था। इसे देखते हुए अब हॉकी इंडिया ने एशियन गेम्स के लिए अपना फैसला बदल दिया है।

हॉकी इंडिया ने 27 जुलाई को जर्सी बदलने का कारण बताते हुए कहा था कि ऐसा नीले रंग के टर्फ की वजह से किया गया था। कहा गया कि नीली जर्सी के कारण भारतीय खिलाड़ियों को अपने साथी प्लेयर्स को देखने में दिक्कतें आ रही थीं। हालांकि पूर्व कप्तानों धनराज पिल्ले, वीरेन रासकिन्हा, परगट सिंह, अजीत पाल सिंह और वासुदेवन भास्करन ने इस बदलाव की कड़ी आलोचना की थी। इस विवाद पर हॉकी इंडिया के भीतर भी खींचतान देखने को मिली थी। अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने बयान दिया था कि यह फैसला उनकी जानकारी के बिना लिया गया, जबकि सचिव भोला नाथ सिंह का दावा था कि सभी अधिकारियों को इसकी जानकारी थी। जापान रवानगी से ठीक पहले हॉकी इंडिया ने अपने इस फैसले को वापस ले लिया।

# दिव्य अष्टचिरंजीव हैं हनुमान, उल्टे हनुमान की अनोखी मूर्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन

सनातन धर्म में अष्टचिरंजीवों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। चिरंजीव अर्थात वे दिव्य पुरुष, जिनके बारे में पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कहा गया है कि वे कलियुग के अंत तक पृथ्वी पर विद्यमान रहेंगे। इन आठ चिरंजीवों में भगवान हनुमान का विशिष्ट और सर्वोच्च स्थान माना जाता है।

मान्यता है कि जहां भगवान श्रीराम का स्मरण, रामायण का पाठ अथवा सुंदरकाण्ड का आयोजन होता है, वहां हनुमानजी अदृश्य रूप में उपस्थित रहते हैं। यही कारण है कि सुंदरकाण्ड अथवा रामचरितमानस के पाठ के दौरान हनुमानजी के निमित्त एक आसन रिक्त रखने की परंपरा भी अनेक स्थानों पर दिखाई देती है।

**फिल्म के दौरान नौ नंबर सीट खाली-** हनुमानजी के परम भक्त नीम करौली बाबा पर बनी फिल्म हनुमान अंश की रिकॉर्डतोड़ सफलता को भी फिल्म निमार्ता भगवान हनुमान की कृपा से जोड़कर देख रहे हैं। फिल्म को लेकर एक रोचक बात सामने आई है कि इसके कई शो में सिनेमाघर की सीट नंबर नौ को खाली रखा जा रहा है। इसके पीछे श्रद्धालुओं की मान्यता है कि बाबा नीम करौली अदृश्य रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। बाबा नीम करौली को हनुमानजी का अंश और परम भक्त माना जाता है। हनुमानजी की महिमा और उनके भक्तों के प्रति उनकी कृपा से जुड़ी ऐसी अनेक मान्यताएं आज भी जनमानस में गहरी आस्था के साथ जीवित हैं।

**उल्टे हनुमान का अनोखा मंदिर-** अभी तक वाराणसी के लेटे हुए हनुमानजी की ख्याति देशभर में रही है, लेकिन यदि किसी मंदिर में हनुमानजी की मूर्ति पूरी तरह उल्टी दिखाई दे तो यह स्वाभाविक रूप से आश्चर्य और विस्मय उत्पन्न करती है। बाबा महाकाल की पवित्र नगरी उज्जैन से लगभग 32 किलोमीटर दूर इंदौर जिले के सांवेर में भगवान हनुमान का एक अद्वितीय मंदिर स्थित है। यहां हनुमानजी की प्रतिमा पूरी तरह उल्टी स्थिति में विराजमान है। मंदिर में दर्शन करने पर दिखाई देता है कि हनुमानजी का शीश नीचे की ओर तथा चरणकमल ऊपर की ओर हैं। इसी कारण यह मंदिर उल्टे हनुमान मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। श्रद्धालु इन्हें पाताल हनुमान अथवा पाताल विजय हनुमान के नाम से भी पुकारते हैं।





**पाताल प्रवेश यहीं से किया-** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह स्थल रामायणकाल से जुड़ा हुआ है। राम-रावण युद्ध के दौरान रावण के भाई अहिरावण ने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण का अपहरण कर उन्हें पाताल लोक पहुंचा दिया था। तब वीर हनुमान भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की खोज करते हुए पाताल लोक पहुंचे। वहां उन्होंने अहिरावण का वध कर दोनों भाइयों को सकुशल मुक्त कराया और पृथ्वी पर वापस लेकर आए। मान्यता है कि वीर हनुमान ने सांवेर के इसी स्थान से पाताल लोक में प्रवेश किया था। इसी कारण यहां विराजित हनुमानजी को पाताल विजय हनुमान कहा जाता है।

**स्कंदपुराण में उल्लेख की मान्यता-** मंदिर के पुजारी नवीन व्यास के अनुसार धार्मिक ग्रंथ स्कंदपुराण के अवंतिखंड में महाकाल क्षेत्र के एक पावन हनुमान स्थल का उल्लेख मिलता है। मान्यता है कि यह स्थल तालाब के समीप स्थित था और जहां शिप्रा नदी में वेन नदी का संगम होता था। स्थानीय मान्यता के अनुसार वेन नदी को वर्तमान की खान नदी से जोड़ा जाता है। पुजारी नवीन व्यास का कहना है कि पावन जल से पाताल विजय हनुमान का जलाभिषेक कर श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई कामना अवश्य पूर्ण होती है। हनुमानजी को अष्टचिरंजीवों में स्थान प्राप्त है और श्रद्धालुओं की आस्था है कि वे आज भी अपने भक्तों पर कृपा करते हैं। सांवेर के उल्टे हनुमान मंदिर की महिमा का प्रचार-प्रसार पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। यही कारण है कि यह अद्भुत धार्मिक स्थल अब श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

### मनोरथ पूर्ण करते हैं हनुमान

सांवेर और आसपास के क्षेत्र के लोग पाताल विजय हनुमान मंदिर को सिद्ध स्थल मानते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि हनुमानजी अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। स्थानीय मान्यता के अनुसार हनुमानजी एक विशेष उद्देश्य के साथ पाताल लोक की ओर अग्रसर थे और वे शीघ्रता में थे। इसलिए वे अपने भक्तों को तत्काल मनोवांछित फल प्रदान कर आगे बढ़ जाते हैं। इसी आस्था के कारण यहां दूर-दूर से श्रद्धालु संतान प्राप्ति, रोगों से मुक्ति और अन्य मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पहुंचते हैं। मनौती पूरी होने पर श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाते हैं और सुंदरकाण्ड का पाठ भी करवाते हैं।

### हवनमय सुंदरकाण्ड की परंपरा

मंदिर के पुजारी नवीन व्यास ने बताया कि पाताल विजय हनुमान अपने भक्तों को हर क्षेत्र में विजय प्रदान करने वाले देवता के रूप में पूजे जाते हैं। इसी कारण यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को भगवान हनुमान का विशेष श्रृंगार किया जाता है। पुत्र कामेष्टि यज्ञ हो अथवा न्यायालयीन मामलों में विजय की कामना से किया जाने वाला यज्ञ, यहां विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सुंदरकाण्ड पाठ की विशेष परंपरा है।

### सबसे अनोखा भुट्टा श्रृंगार

सांवेर क्षेत्र प्राचीन समय से भुट्टा उत्पादन के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां के भुट्टे अपनी गुणवत्ता और मिठास के लिए जाने जाते हैं। इसी स्थानीय परंपरा से जुड़ा भगवान उल्टे हनुमान का एक अत्यंत अनोखा श्रृंगार भी है। श्रावण और भाद्रपद मास में भगवान हनुमान का श्रृंगार भुट्टों से किया जाता है। भुट्टों से सजा यह श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनता है। रक्षाबंधन, दीपावली और हनुमान अष्टमी सहित विभिन्न पर्वों पर भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया जाता है और पूरे मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया जाता है।

## खबर एक नजर...

### पिकअप में रस्सी से मुंह बांधे मिले मिले 7 मवेशी

**उज्जैन।** कस्बा भ्रमण पर निकली झारड़ा पुलिस को खबर मिली कि पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 13 जीए 9986 में वध के लिये मवेशियों को भरकर ले जाया जा रहा है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र गरवाल ने टीम के साथ तारोट रोड पर नाकाबंदी की और पिकअप के आते ही उसे रोका। उसमें सवार 2 युवकों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने दोनों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर उनके नाम सुरेश पिता सिद्धू बंजारा निवासी ग्राम नवादा उन्हेल और बलवंत पिता स्वरुप बागरी निवासी ग्राम झाँझाखेडी थाना नागदा सामने आये। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें रस्सी से मुंह बंधे 7 मवेशी भरे होना पाये गये। पुलिस ने मवेशियों को मुक्त कराने के साथ दोनों युवकों को गिरफ्तार कर पशु क्रूरता अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

### लकड़ी काटने पेड़ पर चढ़े युवक गिरने से मौत

**उज्जैन।** तराना से मंगलवार दोपहर ईश्वर पिता रमेशचंद्र 30 साल को परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। अस्पताल चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि टाल पर काम करता था, पेड़ पर लकड़ी काटने चढ़ा था गिरने पर घायल हुआ था, उसे तराना अस्पताल ले जाया गया था, जहां से उज्जैन भेजा गया था। मामले में तराना थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने बताया कि उन्हे घटना की जानकारी नहीं है। उज्जैन अस्पताल चौकी से मर्ग डायरी मिलने पर जांच शुरू कर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

### 3 युवक लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की शंका

**उज्जैन।** ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले 3 युवक अचानक लापता हो गये। परिजनों ने उनकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। तीनों के परिजनों ने अपहरण की आशंका जताकर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। लापता युवकों में पहला खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम रिंगनिया का रहने वाला कृष्णपाल पिता गंगाराम राठौर 21 साल है, जो 4 सितंबर से लापता है। दूसरा बड़नगर थाना क्षेत्र के नागेश्वरधाम कालोनी से नरेन्द्र उर्फ नथ्थु पिता राजेन्द्र शर्मा 34 साल 5 सितंबर से लापता है। तीसरा युवक इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खरसौदखुर्द का रहने वाला अर्जुन पिता पन्नालाल बामनिया 32 साल है। जो 7 सितंबर से घर नहीं लौटा है। पुलिस तीनों का पता लगाने के लिये उनके मोबाइल लोकेशन को ट्रेस करने के साथ आसपास लगे कैमरों को खंगाल रही है।

### पहले टक्कर मारी फिर कार चालक से की मारपीट

**उज्जैन।** देवासरोड टाटा शोरूम के सामने लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 13 एल 4899 ने पीछे से कार को टक्कर मार दी। कार क्षतिग्रस्त होने पर चालक ने लोडिंग वाहन को रोक लिया और टक्कर मारने पर कार क्षतिग्रस्त करने की बात कहीं तो लोडिंग चालक ने गाली-गलौच करते हुये थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर लोडिंग लेकर भाग निकला। कार चालक गजेन्द्र पिता रामबक्छसिंह कुशवाह निवासी महालक्ष्मी विहार कालोनी ने नागझिरी थाने पहुंचकर लोडिंग चालक के खिलाफ टक्कर मारने और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई। दुर्घटना का दूसरा मामला नागझिरी थाना क्षेत्र के सैफी पेट्रोल पंप के सामने हुआ। कंटेनर चालक ने ओवरटेक करने के प्रयास में श्याम पिता लक्ष्मीनारायण परमार निवासी भगतसिंह मार्ग जयसिंहपुरा की कार को साइड से टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीतम रही कि कार पलटी नहीं, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।

### रेलवे टेक्नीशियन के साथ चलती ट्रेन में मारपीट

**उज्जैन।** कामाख्या एक्सप्रेस में बेग की तलाशी लेने की बात पर हुये विवाद में कोच अटेंडर ने अपने साथियों के साथ मिलकर रेलवे टेक्नीशियन के साथ मारपीट की। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर टेक्नीशियन ने मामले की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई। जीआरपी ने बताया कि सुनील पिता रामकुमार निवासी गायत्री नगर भोपाल कोच फैक्ट्री में रेलवे टेक्नीशियन होने के साथ इटारसी में पदस्थ हैं। वह इटारसी से ट्रेन से भोपाल जाने के रवाना हुये थे। नींद लग जाने के कारण विदिशा पहुंच गए। जहां से वापस भोपाल आने के लिये कामाख्या एक्सप्रेस में बैठे। ट्रेन संत हिरदाराम नगर स्टेशन पहुंची उसी दौरान रेलवे टेक्नीशियन सुनील वॉशरूम चले गये और वापस लौटे तो बी-1 कोच का अटेंडर उनके बैग की तलाशी ले रहा था। सुनील तलाशी लेने से रोका तो उनके बीच विवाद हो गया। अटेंडर ने अपने साथियों को बुला लिया और टेक्नीशियन के साथ मारपीट की। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गये। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर टेक्नीशियन ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। अज्ञात अटेंडर और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। जीआरपी के अनुसार ट्रेन में लगे कैमरों की मदद से मारपीट करने वालों की पहचान की जा रही है।

### उज्जैन से चारभुजानाथ की पैदल यात्रा पर निकले मांगीलाल पालीवाल

**उज्जैन।** भगवान श्री चारभुजानाथ के प्रति आस्था और श्रद्धा से प्रेरित होकर उज्जैन से चारभुजा धाम तक की पैदल यात्रा के लिए मांगीलाल जी पालीवाल रवाना हुए। वे प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पैदल यात्रा कर प्रभु श्री चारभुजानाथ के दर्शन के लिए जा रहे हैं। मांगीलाल जी पालीवाल को इस धार्मिक यात्रा पर रवाना होते समय श्रद्धालुओं एवं शुभचिंतकों ने मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। लोगों ने प्रार्थना की कि प्रभु श्री चारभुजानाथ यात्रा के दौरान हर कदम पर उनकी रक्षा करें और उन्हें स्वस्थ एवं सकुशल यात्रा पूर्ण करने का आशीर्वाद प्रदान करें। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने ल्लजय श्री चारभुजानाथ‌ॿ के जयकारे लगाए। आस्था, भक्ति और विश्वास के साथ शुरू हुई यह पदयात्रा क्षेत्र में धार्मिक भावनाओं का संदेश दे रही है।

### शिक्षाविद डॉ. शशिकांत सावंत का निधन

**उज्जैन।** शहर के प्रख्यात शिक्षाविद एवं माधव कॉमर्स महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. शशिकांत सावंत का कल निधन हो गया था। उनके निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर है। बुधवार को उनके निज निवास एमआईजी 12/15, एल.पी. भार्गव नगर, शिवाजी पार्क कॉलोनी के पास, उज्जैन से दोपहर 4 बजे अंतिम यात्रा निकाली गई। अंतिम यात्रा में परिजन, शिक्षक, विद्यार्थी, मित्र एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतक शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। डॉ. सावंत ने शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक सेवाएं देते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उनके निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 450-9 | 114-6 |
| मेन बाजार | 330-6 | 336-5 |
| मिलन डे | 139-3 | 660-2 |
| मिलन नाइट | 250-7 | 239-4 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 6 | 0 |

#### नशाखोरी के अड्डे से रहवासी परेशान

# नगर निगम जोन-5 के सामने खड़ी कार के कांच फोड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम जोन क्रमांक-5 के सामने गोपालपुरा, हरदेनिया कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में रात के समय एक कार के आगे और पीछे के कांच अज्ञात बदमाशों द्वारा फोड़ दिए गए। घटना से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। रहवासियों का आरोप है कि इलाके में देर रात तक असामाजिक तत्वों की आवाजाही रहती है और कुछ लोगों ने आसपास के स्थानों को नशे का अड्डा बना रखा है। जानकारी के अनुसार गोपालपुरा निवासी शुभम ठाकुर की कार क्रमांक एमपी-13-जेडपी-1525 नगर निगम जोन क्रमांक-5 के सामने खड़ी थी। बताया जा रहा है कि रात करीब 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच अज्ञात लोगों ने कार के आगे और पीछे के कांच फोड़ दिए। सुबह जब कार मालिक को घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने आसपास देखा, लेकिन तोड़फोड़ करने वालों का कोई पता नहीं चल सका।

रहवासियों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन कुछ लोग देर रात तक जमा रहते हैं। आरोप है कि इनमें से कुछ लोगों द्वारा नशा किया जाता है, जिसके कारण आसपास रहने वाले परिवारों में भय का माहौल बना रहता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने गश्त और निगरानी बढ़ाई तो ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।






### सीसीटीवी कैमरों की जांच की मांग

कार के कांच तोड़े जाने की घटना के बाद रहवासियों ने पुलिस से आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने तथा नशाखोरी और असामाजिक गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने की मांग उठी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ना भविष्य में बड़ी घटना का कारण बन सकता है। इसलिए पुलिस और नगर निगम को मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए।

## आज मासिक शिवरात्रि, शिव आराधना के साथ लड्डू गोपाल की छठी का उल्लास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भाद्रपद कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि आज दोपहर करीब 12.30 बजे तक रहेगी, इसके बाद चतुर्दशी तिथि प्रारंभ होगी। चतुर्दशी के संयोग के कारण बुधवार को मासिक शिवरात्रि का विशेष महत्व रहेगा। शिवभक्त दिनभर भगवान महाकाल और शिवालयों में पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का अभिषेक करेंगे। रात्रि में जागरण और शिव आराधना का भी विशेष महत्व माना गया है।

वहीं, जन्माष्टमी के छह दिन बाद मनाई जाने वाली लड्डू गोपाल की छठी भी आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। घरों और मंदिरों में बाल गोपाल का विशेष पूजन, श्रृंगार और भोग अर्पित किया जाएगा। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की आराधना कर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना करेंगे।

**दोपहर बाद बदलेगा नक्षत्र-** आज आश्लेषा नक्षत्र दोपहर करीब 3.14 बजे तक रहेगा। इसके बाद मघा नक्षत्र प्रारंभ होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज शिव आराधना और बाल गोपाल की पूजा का विशेष संयोग श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मासिक शिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में भक्तों की आस्था देखने को मिलेगी, वहीं लड्डू गोपाल की छठी को लेकर कृष्ण मंदिरों और घरों में भी विशेष आयोजन किए जाएंगे।

## 14 वर्षीय बालक ने ऑटो से दो राहगीरों को मारी टक्कर, दोनों के हाथ में फ्रैक्चर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में नाबालिगों के वाहन चलाने पर रोक के बावजूद एक 14 वर्षीय बालक द्वारा ऑटो चलाए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आगर रोड क्षेत्र में नाबालिग बालक द्वारा चलाए जा रहे ऑटो ने दो लोगों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए और उनके हाथ में फ्रैक्चर होने की जानकारी सामने आई है।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल दोनों व्यक्तियों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि हादसे में दोनों के हाथ में गंभीर चोट आई है। घटना ने एक बार फिर नाबालिगों के हाथ में वाहन सौंपने और यातायात नियमों की अनदेखी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि कम उम्र के बच्चों द्वारा ऑटो जैसे वाहन चलाना न केवल





उनके लिए, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी गंभीर खतरा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस और यातायात विभाग से मामले की जांच कर नाबालिग को वाहन चलाने की अनुमति देने वाले जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने तथा शहर में नाबालिग वाहन चालकों की जांच अभियान चलाने की मांग की है।

#### होमगार्ड टीम ने चलाया तलाशी अभियान, 2 थानों की पहुंची पुलिस

## शनि मंदिर से लौट रहा युवक पुलिया से क्षिप्रा में गिरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शनि मंदिर आया युवक मंगलवार दोपहर युवक अचानक पुलिया से क्षिप्रा नदी में गिर गया। 2 थानों क पुलिस मौके पर पहुंची, युवक गहराई में समा चुका था, तलाश के लिये होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम बुलाई गई। देर शाम तक चले तलाशी अभियान में युवक का कुछ पता नहीं चल पाया।

इंदौररोड स्थित शनि मंदिर त्रिवेणी पुलिया से दोपहर में एक युवक के नदी में गिरने की सूचना मिलने पर नागझिरी और नानाखेड़ा थाना पुलिस की टीम पहुंच गई थी। पुलिया पर मौजूद लोगों से जानकारी ली गई, उन्होने बताया कि शनि मंदिर से ग्राम शक्करवास की ओर जाने वाली पुलिया से गिरा है। उसने खुद को बचाने का प्रयास किया लेकिन वह पुलिया की दूसरी ओर जाने के बाद गहराई में चला गया। कुछ लोगों ने बताया कि युवक शक्करवासा का रहने वाला राहुल पिता ओमप्रकाश प्रजापत 19 साल है। खबर मिलने पर उसके परिजन भी घटनास्थल पहुंच गये थे। मौके पर मौजूद नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल और नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि युवक की तलाश के लिये एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। देर शाम 7.30 बजे तक तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन युवक का पता नहीं चल पाया। अंधेरा होने पर तलाशी अभियान बंद कर दिया गया। बुधवार सुबह दोबारा सर्चिंग शुरू की जायेगी। परिजनों ने बताया कि राहुल एक हाथ से दिव्यांग था और उसे मिर्गी की बीमारी थी। वह घर से शनि मंदिर जाने का बोलकर निकला था। पुलिया से निकलते वक्त संभवतः उसे मिर्गी का दौरा पड़ा होगा बारिश के चलते क्षिप्रा नदी की पुलिया से रैलिंग भी हटा ली गई है, जिसके चलते सीधे नदी गिरा है। युवक के क्षिप्रा में डूबने की जानकारी मिलने पर परिजनों, गांव वालों और लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।

#### सीसीटीवी कैमरों से मिला सुराग, 13 हजार नगद और मोबाइल बरामद

# गिरफ्त में चलती ट्रेन में चोरी करने वाले 3 आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चलती ट्रेन में महिला का पर्स चुराकर भागे 3 बदमाशों को सीसीटीवी कैमरों की मदद से ट्रेस कर लिया गया। तीनों की गिरफ्तारी एक माह बाद जीआरपी की टीम द्वारा की गई। बदमाशों के पास से 13 हजार रुपए नगद और मोबाइल बरामद किया गया है।

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि त्रिशताब्दी एक्सप्रेस में सवार गायत्री साहू निवासी बैतूल के साथ चलती ट्रेन में बेरछा स्टेशन से पहले वारदात हुई थी। अज्ञात बदमाश महिला का पर्स चोरी कर भाग निकले थे। पर्स में सोने का मंगलसूत्र, 30 हजार रुपए नगद और मोबाइल रखा था। महिला यात्री की शिकायत पर 8 अगस्त को प्रकरण दर्ज किया गया। एक माह की तलाश के बाद इरशाद उर्फ दिलशाद उर्फ दिल्लू पिता रज्जाक खान 30 वर्ष, सलमान पिता साहिद खान 22 वर्ष और समीर पिता शहजाद मेवाती 24 वर्ष निवासी ग्राम बैरछा जिला शाजापुर को गिरफ्तार किया गया। जिनसे पूछताछ के बाद 13 हजार रुपए नगद और मोबाइल बरामद कर लिया गया।



तीनों को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार तीनों के पूर्व में भी चोरी, मारपीट और जुआ एक्ट के प्रकरण दर्ज होना सामने आये है।

थाना प्रभारी गुप्ता ने बताया कि बदमाशों का पता लगाने के लिये आरपीएफ थाना प्रभारी विकास गुर्जर के साथ बैरछा चौकी प्रभारी एसआई दीपक भगत की मदद ली गई। वहीं जीआरपी की एक टीम गठित कर मक्सी से बैरछा स्टेशन तक लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें तीन संदिग्ध दिखाई दिये थे। जिनकी पहचान के प्रयास शुरू किये गये। एक माह बाद पुख्ता जानकारी सामने आने पर तीनों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होने चलती ट्रेन में पर्स चोरी कर बैरछा स्टेशन आने से पहले कूदकर भागना बताया।

## रिंगनोदिया में युवक के साथ मिली लापता बालिका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लापता हुई बालिका की तलाश में निकली पुलिस ने 3 दिन बाद उसे सांवेर के पास ग्राम रिंगनोदिया से खोज निकाला। बालिका को युवक बहला-फुसलाकर ले गया था, युवक के खिलाफ पास्को एक्ट और दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि कस्बे में रहने वाली 16 साल की बालिका 5 अगस्त को लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। तीन दिन बाद मंगलवार को पता चला कि बालिका सांवेर के रिंगनोदिया में युवक के साथ दिखाई दी है। बालिका को दस्तयाब करने के लिये एसआई एनएस कनेश, एएसआई राधेलाल निनामा, प्रधान आरक्षक विजयसिंह, महिला आरक्षक मनीषा, निकिता की टीम रवाना की गई। रिंगनोदिया में बालिका एक युवक के साथ होटल में खाना खाते मिली। जिसे दस्तयाब किया गया और युवक को हिरासत में लिया गया। दोनों को महिदपुर लाया गया, जहां पूछताछ में पता चला कि शुभमसिंह उर्फ अन्नु उर्फ सुभाषसिंह उर्फ सुभोधसिंह पिता मांगूसिंह उसे बहला-फुसलाकर साथ ले गया था। उसने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाये है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com